हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 72, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 9 सितम्बर, 2023 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

घोसी उपचुनावः साइकिल ने पकड़ी रफ्तार, कमल सुस्त

अखिलेश बोले–जीते तो एक विधायक, पर हारे कई दलों के भावी मंत्री

मऊ। घोसी के घमासान में सपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने बीजेपी के दारा सिंह को 42672 वोटों से हराया है। 2022 विधानसभा चुनाव में सपा से चुनाव लड़ रहे दारा सिंह ने 22000 वोटों से जीत दर्ज की थी। यह सीट दारा सिंह चौहान के इस्तीफे देने के कारण खाली हुई थी। जीत को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि ये झूठे प्रचार और जुमला जीवियों की पराजय है। ये दलबदल-घरबदल की सियासत करने वालों की हार है। उन्होंने कहा कि ये नतीजा भाजपा का अहंकार और घमंड को चकनाचूर करने वाला है। ये एक ऐसा चुनाव है, जिसमें जीते तो एक विधायक हैं। पर हारे कई दलों के भावी मंत्री हैं। इंडिया टीम है और पीडीए रणनीति। जीत का हमारा ये नया फॉमूर्ला सफल साबित हुआ है। घोसी की जनता को धन्यवाद। सुधाकर सिंह को जीत की बधाई। बीजेपी की हार पर ओपी राजभर ने कहा कि जो रिजल्ट आ रहा है, हम उसका स्वागत करते हैं। विपक्ष जब हारता है तो इवीएम पर सवाल उठाता है। अब तो ये प्रमाण हो गया कि इवीएम सही है।

बैलेट काउंटिंग में दारा सिंह रहे आगे– शुरूआत में बैलेट काउंटिंग में बीजेपी के दारा सिंह चौहान ने बढ़त बनाई, लेकिन इवीमए से काउंटिंग शुरू होते ही सपा

सुधाकर सिंह, सपा प्रत्याशी

के प्रत्याशी सुधाकर सिंह आगे निकल गए। पहले राउंड में सुधाकर सिंह ने 178 वोटों की लीड ली। इसके बाद हर राउंड में जीत का ग्राफ बढ़ता गया।

भाजपा ने प्रचार में उतार दी थी मंत्रियों की फौज– घोसी में योगी और अखिलेश की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। भाजपा ने उपचुनाव में मंत्रियों की फौज उतार दी थी। बीजेपी के लिए 26 मंत्री और 60 से ज्यादा विधायक ने प्रचार किया। सीएम योगी ने भी चुनावी जनसभा की।

6 साल में चौथी बार हुए चुनाव– घोसी विधानसभा सीट पर 6 साल के भीतर चौथी बार चुनाव हुए हैं।

अखिलेश यादव बोले- 'नाकाम प्रत्याशी की पराजय'

उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का नतीजा आ चुका है। इसमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने बीजेपी उम्मीदवार दारा सिंह चौहान को हरा दिया है। इस पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रतिक्रया आ गई है। अखिलेश यादव ने सबसे पहले घोसी में जीत का एलान कर साथ ही उन्होंने घोसी की जनता और पार्टी प्रत्याशी सुधाकर सिंह को जीत की बधाई भी दी है। उन्होने कहा कि की घोसी की जनता और विजयी प्रत्याशी सुधाकर सिंह को अनंत बधाई, घोसी के सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं. घोसी में जनता की बड़ी सोच की जीत हुई है। घोसी ने सिर्फ सपा के नहीं बल्कि 'इंडिया गठबंधन' के प्रत्याशी को जिताया है और अब यही आने वाले कल का भी परिणाम होगा। ये सकारात्मक राजनीति की जीत है और साम्प्रदायिक नकारात्मक राजनीति की हार है। ये दलीय संकीर्ण विचारधारा और जाति बंधन से ऊपर उठकर, उस प्रत्याशी की जीत है जिसके काम करने की आशा है और नाकाम प्रत्याशी की पराजय है।

बागेश्वर में बीजेपी ने बचाई सीट, पार्वती दास ने कांग्रेस के बसंत कुमार को दी करारी शिकस्त

नई दिल्ली। उत्तराखंड की बागेश्वर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी उम्मीदवार पार्वती दास ने कांग्रेस के बसंत कुमार को करारी शिकस्त दी है। पार्वती दास ने कांग्रेस नेता को 2810 मतों के अंतर से हराया है। कुमाऊं मंडल की इस सीट पर उपचुनाव पांच सितंबर को हुए थे, जिसमें 55.44 फीसदी मतदान हुआ था. दो दशकों से इस विधानसभा सीट पर बीजेपी जीत दर्ज करती आई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल में परिवहन मंत्री रहे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक चंदन राम दास का इस साल अप्रैल में बीमारी से निधन हो जाने के कारण इस रिक्त सीट पर उपचुनाव कराया गया. उपचुनाव में कुल पांच प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे, लेकिन मुख्य मुकाबला सत्ताधारी दल भाजपा और विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बीच था।

दलबदलू को टिकट देना कांग्रेस के लिए भारी पड़ गया– बीजेपी ने चंदन राम दास की पत्नी पार्वती दास को चुनाव मैदान में उतारा, जबकि कांग्रेस ने उनके विरूद्ध बसंत कुमार को टिकट दिया. कुमार ने 2022 में पिछला विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी (आप) के टिकट पर लड़ा था और उपचुनाव से ऐन पहले आप का साथ छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था. भाजपा और कांग्रेस के अलावा, समाजवादी पार्टी, उत्तराखंड क्रांति दल और उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने भी अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे. हालांकि दलबदलू को टिकट देना कांग्रेस के लिए भारी पड़ गया। बागेश्वर उपचुनाव में वोटों की गिनती सुबह आठ बजे शुरू हुई. पहले राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार 754 वोटों से आगे चल रहे थे. जिसके बाद दूसरे राउंड में पार्वती देवी बसंत कुमार से आगे निकल गई. वहीं तीसरे राउंड में बीजेपी, कांग्रेस प्रत्याशी से एक वोट आगे थी. इसके बाद पार्वती दास ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और धीरे-धीरे निर्णायक बढ़त बना ली और चुनाव जीत लिया। 2024 के चुनाव से पहले राज्य में सत्ताधारी बीजेपी के लिए यह बड़ी राहत है।

मेरी माटी, मेरा देशः अभियान में शामिल हुए सीएम योगी, बोले- भारत को महाशक्ति के रूप में देखना हर भारतीय की इच्छा

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव महोत्सव मना रहा होगा तब हर राष्ट्रभक्त भारतीय के मन में भारत को समर्थ, सशक्त और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखने की इच्छा होगी। हर भारतीय देश को दुनिया का नेतृत्व करते हुए देखने की इच्छा रखता है। सीएम योगी ने ये बातें शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने भाजपा महानगर इकाई के अध्यक्ष राजेश गुप्ता को गोरखनाथ मंदिर परिसर की मिट्टी अमृत कलश में भरकर सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया। यह हम सबका सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सबको नए भारत का दर्शन हो रहा है। पीएम मोदी ने नए भारत की 140 करोड़ की आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। सीएम योगी ने कहा कि सशक्त, समर्थ और शक्तिशाली भारत के लिए जो कार्यक्रम दिए गए हैं, उसी की श्रृंखला में विरासत के सम्मान वाले 'माटी को नमन

वीरों को वंदन' कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के कार्यक्रम का शुभारंभ आज गोरखपुर में महानगर संगठन की तरफ से किया जा रहा है। इसमें गोरखपुर की माटी को अमृत कलश के साथ जोड़ने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के हर नगर निकाय व हर विकासखंड से अमृतकलश एकत्र होकर लखनऊ और फिर दिल्ली के लिए जाएंगे। लखनऊ में जहां आजादी के अमृत कलश की स्थापना हुई है, उसी पवित्र स्थल पर एक अमृत कलश वाटिका स्थापित हो रही है जहां प्रदेश भर से संग्रहित कलश रखे जाएंगे। अमृत कलश वाटिका में 825 विकास खंडों समेत करीब 1500 स्थलों से एकत्रित मिट्टी भरे कलश रखे जाएंगे। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा महानगर संगठन से महामंत्री इंद्रमणि उपाध्याय, ओमप्रकाश शर्मा, देवेश श्रीवास्तव, अच्युतानंद शाही, उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह, दयानंद शर्मा, देवेंद्र नाथ पांडेय,मंत्री अजय श्रीवास्तव, अवधेश अग्रहरि, पार्षद पवन त्रिपाठी, रणंजय सिंह जुगनू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, सत सुकृत, सचिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे। बता दें कि पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा हुई थी। इस अभियान में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं इस साल मेरी माटी, मेरा देश अभियान के साथ आजादी का पर्व मनाया जा रहा है। यह अभियान देश के वीरों को सम्मान देने के लिए शुरू किया गया है।

ओमप्रकाश राजभर के तस्वीर पर पोती गई कालिख, कार्यकर्ता बोले- सुभासपा चीफ की दुर्गति बाकी

मऊ। घोसी उपचुनाव के परिणाम पर सबकी निगाहें टिकी हैं। यहां मुकाबला सपा के सुधाकर सिंह भाजपा के दारा सिंह चौहान के बीच है। 17 राउंड की काउंटिंग के दौरान सपा ने भाजपा पर भारी बढ़त बना ली है। दारा सिंह चौहान करीब 23 हजार मतों से पिछड़ रहे हैं। घोसी उपचुनाव में साइकिल दौड़ने से सपा और उसके गठबंधन के नेताओं व कार्यकताओं में खुशी की लहर है। अंतिम परिणाम आने से पहले ही कार्यकताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है। वाराणसी में सपा के सहयोगी दल राष्ट्रीय समता पार्टी के संयोजक शशि प्रताप सिंह ने सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर की तस्वीर पर कालीख पोती। कार्यकताओं ने सुभासपा प्रमुख के खिलाफ नारेबाजी की। शशि प्रताप सिंह ने कहा कि चुनाव का अंतिम परिणाम आने से पहले हमलोग जश्न मना रहे हैं। यूपी सरकार के 40 मंत्री भी घोसी में अखिलेश यादव को नहीं हरा सके। 40 मंत्री बनाम अखिलेश यादव में

सपा प्रमुख की जीत हुई। सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह भारी अंतर से चुनाव जीतने जा रहे हैं। घोसी का जनादेश बताता है कि यूपी में अखिलेश यादव उत्तम और सर्वोत्तम नेता है। ओमप्रकाश राजभर पर निशाना साधते हुए शशि प्रताप ने कहा कि सुभासपा प्रमुख की दुर्गति अभी बाकी है। आज उनकी तस्वीर पर कालीख पोती है। कल वो अपने अमर्यादित टिप्पणीयों के लिए सड़क पर पिटे जाएंगे। विधानसभा से भी भगाए जाएंगे। जिस प्रकार का बयान उन्होंने घोसी उपचुनाव के दौरान दिया है, उसके बाद से जनता अब उन्हें ढूंढ रही है। कहा कि मौकपरस्त ओमप्रकाश राजभर कभी समाजवादी पार्टी तो कभी भाजपा और बसपा के पक्ष में बयान देते रहते हैं। जनता उन्हें पहचान चुकी है। बता दें कि शशि प्रताप सिंह कभी सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेहद करीबी रहे हैं। बीते साल जुलाई में शशि प्रताप सिंह ने राजभर से 17 साल पुराना रिश्ता तोड़ लिया था। दरअसल, सपा छोड़कर बीजेपी के पाले में गए ओमप्रकाश राजभर ने घोसी उपचुनाव में जमकर प्रचार किया था।

विदेशी धरती से राहुल ने फिर भारतीय लोकतंत्र को बताया खतरे में, देश का नाम भारत रखने पर भी बोले

नई दिल्ली। बेल्जियम दौरे पर गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल ने इसी के साथ एक बार फिर विदेशी धरती से भारत में लोकतंत्र के खतरे में होने की बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आम लोगों की बातों पर ध्यान नहीं दे रही है और केवल अपने कुछ खास लोगों की बात सुनती है। राहुल ने कहा कि भारत में लगातार माहौल बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अल्पसंख्कों पर हमले हो रहे हैं और सरकार कुछ नहीं कर रही है। राहुल ने इसी के साथ कहा कि देश में मोदी सरकार अपने कुछ खास लोगों जैसे अदाणी के लिए काम कर रही है और उन्हें फायदा पहुंचा रही है। बेल्जियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब कांग्रेस नेता से पूछा गया कि क्या वो देश का नाम भारत करने का समर्थन करेंगे, तो उन्होंने कहा कि ये केवल सरकार पर है कि वो क्या नाम देश का चाहती है। राहुल ने कहा कि सरकार ये सब

लोगों का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने के लिए कर रही है। राहुल गांधी ने रूस और यूक्रेन जंग पर सरकार के कदमों का समर्थन किया है। राहुल ने कहा कि पूरा विपक्ष भारत की वर्तमान स्थिति से सहमत है। उन्होंने कहा कि सरकार वर्तमान में जो कर रही है, हम उसके साथ हैं।

'प्रधानमंत्री मोदी ने सही किया', रूस-यूक्रेन युद्ध पर सरकार का पक्ष लेते हुए बोले मनमोहन सिंह

नई दिल्ली। देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर केंद्र सरकार के रुख का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने शांति की अपील करते हुए अपने संप्रभु और आर्थिक हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया है। मनमोहन सिंह ने जी-20 बैठक से पहले एक इंटरव्यू के दौरान यह बात कही। साथ ही उन्होंने घरेलू राजनीति के लिए विदेश नीति का उपयोग करने पर भी चेतावनी दी है।

गौरतलब है, भारत इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में नौ और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित कई देशों के नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा होगा। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, साल 2004 और 2014 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के दो कार्यकालों के दौरान प्रधानमंत्री रहे

मनमोहन सिंह को शनिवार को जी-20 के नेताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज में आमंत्रित किया गया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता पर पूर्व पीएम ने कहा कि उनके समय में विदेश नीति घरेलू राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी राजनीति के लिए कूटनीति का इस्तेमाल करते समय संयम बरतना जरूरी है। मनमोहन सिंह ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मेरे जीवनकाल में मिली और मैं जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत द्वारा विश्व नेताओं की मेजबानी करने का गवाह बनूंगा। 90 वर्षीय पूर्व पीएम ने कहा कि विदेश नीति हमेशा से भारत के गवर्नेंस फ्रेमवर्क का एक महत्वपूर्ण तत्व रही है, लेकिन यह कहना उचित है कि यह आज घरेलू राजनीति के लिए पहले की तुलना में और भी ज्यादा उचित और महत्वपूर्ण हो गई है। जबकि दुनिया में भारत की स्थिति घरेलू राजनीति में एक मुद्दा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी या व्यक्तिगत राजनीति के लिए कूटनीति और विदेश नीति का उपयोग करने में संयम बरतना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

बिजली गिरने से दो किशोरों की मौत, बरसात से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे बाइक सवार किशोर

अयोध्या। अयोध्या जिले में इनायत नगर थाने के सिद्धनाथन मंदिर के समीप बाइक से घर लौट रहे दो किशोरों की बिजली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची इनायतनगर पुलिस ने दोनों किशोरों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित हिसामुद्दीनपुर पूरे कोदई निवासी कुश कुमार यादव का बेटा मुकेश यादव (18) अपने बुआ के बेटे आदित्य कुमार यादव पुत्र राम कलप निवासी सिड़हिर थाना पूरा कलंदर के साथ बाइक से कहीं गया था। दोनों किशोर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अपने घर वापस लौट रहे थे और वह सिद्धनाथन मंदिर के पास पहुंचे थे, तभी अचानक बारिश पड़ने लगी। दोनों किशोर बाइक खड़ी करके सड़क के किनारे ही स्थित पेड़ों के नीचे खड़े हो गए। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी और दोनों किशोर मौके पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने जब गुहार लगाई तो मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया तथा घटना की जानकारी इनायत नगर पुलिस को दी। सीएचसी मिल्कीपुर के डॉक्टरों ने दोनों किशोरों को मृत घोषित कर दिया। इनायत नगर थाने के उप निरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि दोनों किशोर के शवों को कब्जे में ले लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है। ग्राम प्रधान नरेंद्र यादव ने बताया कि पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के सिड़हिर निवासी युवक आदित्य कुमार यादव कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज रामगंज में इंटर में पढ़ रहा था। वह अपने मामा कुश कुमार यादव निवासी कोदई का पुरवा हिसामुद्दीनपुर के यहां रहता था। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों किशोरों के गांवों में हाहाकार मच गया है। लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे ऋषि सुनक, कहा- दामाद के रूप में भारत आना बेहद खास

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मजाकिया अंदाज में कहा कि भारत के दामाद के रूप में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होना वाकई खास है। बता दें, सुनक ने इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति से शादी की है। गौरतलब है, भारत इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में नौ और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित कई देशों के नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा होगा। इस सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए 43 वर्षीय ब्रिटिश भारतीय नेता सुनक अपनी पत्नी के साथ शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने अपने साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से कहा कि भारत जाने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि वह एक ऐसा देश है, जो मेरे दिल के बहुत करीब है। हालांकि, कुछ सालों से मैं वापस नहीं जा पाया हूं। उन्होंने कहा कि पहले आमतौर पर हर साल फरवरी में परिवार के साथ भारत चला जाता था, लेकिन 2020 में चांसलर बनने के बाद समय के अभाव में नहीं जा सका। उन्होंने आगे कहा कि मैंने कहीं देखा कि मुझे भारत का दामाद कहा जाता है। मुझे उम्मीद है कि यह प्यार से कहा गया होगा। उन्होंने कहा कि मैं वापस भारत आने के लिए

उत्साहित हूं। अक्षता का भी मेरे साथ होना अच्छा है। वहीं, सुनक ने तीन दिवसीय दौरे पर निकलते हुए ट्वीट किया था कि मैं स्पष्ट मुद्दों के साथ जी-20 शिखर सम्मेलन में जा रहा हूं। इनमें वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करना, अंतरराष्ट्रीय संबंधों का निर्माण करना तथा सबसे कमजोर लोगों का समर्थन करना शामिल है। बता दें, शिखर वार्ता के दौरान ब्रिटेन के एजेंडे में रूस-यूक्रेन युद्ध को एक प्रमुख विषय के रूप में चिह्नित किया गया है। उन्होंने जी-20 कार्यक्रम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शामिल नहीं होने पर कहा कि वह एक बार फिर अपना चेहरा छिपा रहे हैं। वह खुद को सबसे अलग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहीं जी-20 के बाकी सदस्य पुतिन के खिलाफ होने के लिए एकजुट होंगे। सुनक के एक प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिटेन यूक्रेन के लिए अपना समर्थन दिखाने के लिए हर अवसर का उपयोग करेगा और साथ ही वैश्विक समर्थन को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों और वास्तव में लोकतंत्र पर रूस के हमले को रोकने में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम पुतिन के आक्रमण को समाप्त करने के लिए उस प्रभाव का उपयोग करने के लिए मोदी और अन्य देशों के साथ बैठकें करेंगे।

अमिताभ कांत बोले- समिट का घोषणा-पत्र वैश्विक दक्षिण और विकासशील देशों की आवाज होगा

नई दिल्ली। भारत की जी20 की अध्यक्षता में कई नई पहल हुई हैं। इस दौरान कई उपलब्धियां भी हासिल की गई हैं। इन सबके बीच भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है।

इससे पहले कार्यक्रम के मद्देनजर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इसमें भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत, वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ और जी20 के मुख्य समन्वयक हर्ष वर्धन श्रृंगला मौजूद थे। प्रेस कान्फ्रेंस में अमिताभ कांत ने कहा कि भारत ने विकास को गति देने के लिए डिजिटल लोक बुनियादी ढांचे का एक अनूठा मॉडल तैयार किया। जी20 शिखर सम्मेलन का घोषणापत्र वैश्विक दक्षिण और विकासशील देशों की आवाज होगा। जी20 से जुड़ी 220 से अधिक बैठकें देश भर के 60 नगरों में आयोजित की गईं, जिससे भारत की विविधता और संघीय ढांचा की झलक प्रदर्शित होती है। नई दिल्ली घोषणापत्र लगभग तैयार है। शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं को इसकी सिफारिश की जाएगी।

संपादकीय

जी-20 सम्मेलन में कूटनीति

विश्व के आर्थिक क्रम में विकासशील देशों की बढ़ती भूमिका को देखते हुए जब 1999 में दुनिया के 20 औद्योगीकृत देशों को एक समूह में आने की जरूरत पड़ी तो जी-20 संगठन का गठन हुआ जिसकी अगुवाई अमेरिका ने ही की परन्तु इसमें भारत समेत तीसरी दुनिया के कहे जाने वाले कुछ अन्य देशों को भी प्रमुखता मिली जिनमें दक्षिण अफ्रीका व ब्राजील भी महत्वपूर्ण थे। शुरू में इन देशों के वित्तमन्त्रियों के सम्मेलन की ही परंपरा प्रारम्भ हुई। वित्तमन्त्रियों के इस दूसरे सम्मेलन की अध्यक्षता भारत को मिली और तत्कालीन वाजपेयी सरकार के वित्तमन्त्री श्री यशवन्त सिन्हा इसके अध्यक्ष बने। इसके बाद 2008 में इन देशों ने महसूस किया कि जी-20 का स्तर बढ़ाया जाना चाहिए और तब से इन देशों के सत्ता प्रमुखों का शिखर सम्मेलन होना शुरू हुआ। चूंकि इस संगठन में कुल बीस देश हैं अतः प्रत्येक सदस्य देश को बारी-बारी से इसकी अध्यक्षता मिलने का अवसर मिला। भारत का नम्बर अब चालू वर्ष 23 में आया है अतः अब 20 वर्ष बाद 2043 में ही इसे पुनः अध्यक्षता मिलेगी। निश्चित रूप से इस संगठन का सदस्य होना भारत के लिए गौरव की बात थी क्योंकि जब 1947 में यह देश अंग्रेजों की दासता से मुक्त हुआ था तो इसमें ह्यसुईह्ल तक का उत्पादन नहीं होता था मगर केवल 52 वर्षों के भीतर ही यह देश हमारे दूरदृष्टा व वैज्ञानिक सोच रखने वाले रहनुमाओं की वजह से औद्योगीकृत देश बन गया और अमेरिका जैसे दुनिया की पहले नम्बर वाले देश की बराबरी में खड़ा होने लायक बन गया। अतः सबसे पहले हमें अपनी पुरानी पीढ़ियों के उन नेताओं के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए जो ह्यहमे अंधेरे से प्रकाश की ओर लेकर गयेह्ल और उन्होंने हमारी नई पीढ़ियों को विज्ञान की मार्फत गरीबी दूर करने के काम में लगाया। भारत आज गौरवान्वित है कि वह जी-20 की मेजबानी कर रहा है। दुनिया के 20 अग्रणी देश इसकी अध्यक्षता में सकल विश्व के विकास के बारे में विचार-विमर्श करेंगे। इसमें भाग लेने के लिए आज (शुक्रवार) को अमेरिका के राष्ट्रपति श्री जो बाइडेन भी आ रहे हैं। वह 9 व 10 सितम्बर को हो रहे शिखर सम्मेलन से पूर्व प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत करेंगे। जाहिर है कि यह बातचीत दोनों देशों के आपसी रिश्तों व इस क्षेत्र की उन समस्याओं के बारे में होगी जिनका वास्ता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अमेरिका से भी है। इनमें हिन्द-प्रशान्त महासागर क्षेत्र की शान्ति व सुरक्षा अहम मसला माना जाता है। परन्तु सदस्य होने के बावजूद सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति श्री पुतिन व चीन के प्रमुख श्री शी-जिन-पिंग नहीं आ रहे हैं। इससे कुछ पेंच जरूर पड़ता दिखाई दे रहा है मगर इतना भी उलझा हुआ नहीं है कि भारत इसका तोड़ ही न ढूंढ सके। बेशक चीन भारत का ऐसा निकटतम पड़ोसी है जिसकी सीमाएं छह तरफ से मिलती हैं और रूस भारत का परखा हुआ सच्चा व पक्का मित्र है। बेहतर होता यदि दोनों नेता भी शिखर सम्मेलन में भाग लेते तो विश्व की मौजूदा समस्याओं का हल ढूंढने में मदद मिलती और विभिन्न स्तर पर तनाव दूर भी होता। मगर श्री पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझे हुए हैं और अमेरिका व पश्चिमी यूरोपीय देश यूक्रेन की सामरिक से लेकर हर तरह से मदद कर रहे हैं और उन्होंने उसे अपने सामरिक संगठन ह्यनाटोह्ल का सदस्य बनाने का झांसा दे रखा है। अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति में इसे इस प्रकार भी देखा जा रहा है कि अमेरिका व यूरोपीय देश यूक्रेन की मार्फत रूस की शक्ति को सीमित करना चाहते हैं। मगर चीन रूस की सीधी मदद कर रहा है और चीन के साथ अमेरिका के वाणिज्यिक व व्यापारिक मसले जग जाहिर हैं । अतः भारत पर यह जिम्मेदारी आ पड़ी है कि वह जी-20 की नई दिल्ली बैठक को इन देशों के बीच का कूटनीतिक अखाड़ा न बनने दे और अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए दुनिया को सन्देश दे कि भारत की धरती प्रेम व भाईचारा बढ़ाने वाली धरती मानी जाती है। इस मामले में पूरी दुनिया की नजर 10 सितम्बर को जारी होने वाले जी-20 देशों द्वारा जारी होने वाले संयुक्त वक्तव्य पर निश्चित रूप से रहेगा। भारत को बेशक इस बात से ज्यादा मतलब नहीं हो सकता कि अमेरिका चीन के बारे में क्या कहता है बल्कि उसे इस बात से लेना-देना है कि चीन का रुख भारत को लेकर क्या है क्योंकि हमारे चीन व अमेरिका दोनों के बारे में ही खट्टे-मीठे अनुभव हैं। यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत के हुए चार युद्धों में अमेरिका का वजन पाकिस्तान की तरफ ही रहा था और चीन तो आज भी भारत की कुछ धरती लद्दाख में हड़पे बैठा है और अरुणाचल प्रदेश को अपना इलाका बता रहा है।

अनुच्छेद 370 : नजरे सुप्रीम कोर्ट पर

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिन तक चली बहस के बाद सुनवाई पूरी कर ली है। याचिकाकताओं की मांग है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल किया जाए और उसका पूर्ण राज्य का दर्जा भी लौटाया जाए। चीफ जस्टिस के नेतृत्व में पांच सदस्यीय पीठ यह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि वह केवल संवैधानिक मुद्दों पर ही सीमित रहेगी। शीर्ष अदालत केवल यह देखेगी कि कोई संवैधानिक उल्लंघन हुआ है या नहीं। यदि कोई संवैधानिक उल्लंघन हुआ है तो अदालत निश्चित रूप से हस्तक्षेप करेगी। अदालत 370 निरस्त करने के फैसले के अन्तर्निहित विवेक की जांच करेगी। सुप्रीम कोर्ट को जिन मुद्दों पर फैसला देना है उनमें से एक यह है कि क्या केन्द्र सरकार को अनुच्छेद 370 हटाने का अधिकार है या नहीं। दूसरा केन्द्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को दो राज्यों में बांटना और उन्हें केन्द्र शासित प्रदेश बनाना क्या सही है या गलत। और किसी राज्य को लम्बे समय तक राज्यपाल शासन के अधीन रखना सही है या गलत। सुनवाई के दौरान यह महत्वपूर्ण रहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय को अंतिम माना। इससे स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और उसका विलय भारत में बिना शर्त हुआ है।अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट पर लगी हुई हैं और उसके फैसले से यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि धारा 370 को निरस्त करना राष्ट्रीय हित में था या नहीं। सर्वविदित है कि अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रावधान था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता नैशनल कांफ्रैंस के नेता मोहम्मद अकबर लोन द्वारा 2018 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाने का मुद्दा भी उठा। केन्द्र सरकार ने मांग की कि अकबर लोन माफी मांगें और भारतीय संविधान में निष्ठा संबंधी शपथपत्र दायर करे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अकबर लोन को शपथपत्र देने को कहा। कश्मीरी पंडितों के संगठन रूट्स इन कश्मीर ने याचिका दायर कर दावा किया था कि अकबर लोन घोषित तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। यद्यपि अकबर लोन ने हल्फनामा दे दिया है, इस पर महाअधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि नैशलन कांफ्रैंस के सांसद अकबर लोन द्वारा दायर किया गया हल्फनामा एक तमाशा है। यह हल्फनामा जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जिससे देश की छवि को नुक्सान पहुंचा है। उन्होंनेअदालत से यह भी कहा है कि वह यह भी देखें कि अकबर लोन ने इस हल्फनामे में क्या नहीं लिखा है। लोन ने हल्फनामे में लिखा है कि ह्यह्यमैं भारत का एक जिम्मेदार नागरिक हूं। सांसद के रूप में ली गई शपथ को दोहराता हूं। मैंने भारत के संविधान को बनाए रखने और भारत की अखंडता बनाए रखने की शपथ ली है। सुप्रीम कोर्ट उनके हल्फनामे की समीक्षा कर फैसला करेगी। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और वहां कभी भी चुनाव कराए जा सकते हैं।

नक्शा बदलने वाले चीन को पता होना चाहिए कि भारतीय सेना में दूसरों का नक्शा बदल देने की क्षमता है

ललित गर्ग

चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। ब्रिक्स समिट में जगी भारत-चीन के सामान्य संबंधों की आस आकार लेने से पहले ही धूमिल हो गयी है। नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले भारत-चीन के संबंधों में सामंजस्य बैठाने के प्रयास चीन के नापाक इरादों से जटिल ही बने रहने वाले हैं। चीन की ओर से जारी किए गए ताजा नक्शे में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर चीन एक बार फिर सीमा विवाद को बढ़ाने के साथ भारत को उकसाने वाली कार्रवाई में जुटा है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। इससे पहले भी शातिर और चालबाज चीन ने अप्रेल में जारी अपने नक्शे में पहले चुपके से अरुणाचल प्रदेश के गांवों के नाम बदल दिए थे, जिसकी भारत ने निंदा की थी। अब दक्षिणी हिंद महासागर में 19 स्थानों के नाम बदले हैं। चीन की तरफ से दक्षिण हिंद महासागर में 19 तलों के नाम बदलने की हिमाकत की गई है, वे भारतीय प्रायद्वीप से करीब 2000 किलोमीटर दूर हैं। चीनी मीडिया ने इसे बीजिंग का ह्यसॉफ्ट पावर' प्रोजेक्शन कहा है। चीन की ओर से की गई यह कार्रवाई भारत की संप्रभुता और हिंद महासागर के इलाके में भारतीय प्रभाव पर सीधा दखल है। एक महीने के भीतर शी जिनपिंग की भारत की संप्रभुता के साथ छेड़छाड़ की यह दूसरी हिमाकत है। इसे चीन के विस्तारवादी रवैये और हिंद क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखल के रूप में देखा जा रहा है।



पिछले पांच साल में चीन नाम बदलने का यह दुस्साहस तीन बार कर चुका है। इस साल अप्रैल से पहले उसने 2021 में 15 और 2017 में छह जगहों के नाम बदले थे। हालांकि तब भी भारत ने विरोध दर्ज कराते हुए नए नामों को सिरे से खारिज कर दिया था। चीन का यह नया नक्शा ब्रिक्स समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद एवं नई दिल्ली में अगले माह की शुरूआत में ही होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले सामने आया है। समूची दुनिया चीन के विस्तारवादी रवैये और दूसरे देशों की जमीन को कब्जाने की नीयत को अच्छी तरह देखती और समझती है। चीन भरोसे करने के काबिल न पूर्व में रहा है और न भविष्य में होने की संभावनाएं हैं। भारत के मामले में चीन का रवैया सदैव शत्रुतापूर्ण एवं उसके क्षेत्रों पर अनाधिकृत कब्जाने का ही रहा है। चीन की पिछली हरकतों से भी यह साफ हो गया है कि चीन कभी भी भारत से मित्रवत संबंध बनाने के प्रयासों का साथ देने वाला नहीं है।

भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। चीन ने विस्तारवादी नीतियों के तहत जैसी गतिविधियां चला रखी हैं उनसे भारत ही नहीं, बल्कि समूची दुनिया को चौकन्ना रहने की जरूरत है। राजनीतिक रूप से हमारे यहां विभिन्न दल भले ही एक-दूसरे के विरोधी हों, पर चीन को लेकर भारत से उठने वाली आवाज एक ही होनी चाहिए। चीन के मनमाने रवैये को पश्चिमी देश अच्छे से महसूस भी कर रहे और उनके पक्ष-विपक्ष के नेता एक सुर में उसकी हरकतों के खिलाफ आवाज भी उठा रहे। इसके विपरीत भारत में अलग स्थिति है। अपने देश के कई नेता चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये को लेकर मोदी सरकार को तो कठघरे में खड़ा करते हैं लेकिन चीन के प्रति एक शब्द भी नहीं बोलते। हाल ही में राहुल गांधी ने कथित तौर पर लद्दाख की जमीन पर चीन का कब्जा होने का जो दावा किया गया है, वह जल्दीबाजी में बिना सोच के दिया गया गुमराह करने वाला बयान था, उससे यही पता चलता है कि वे चीन जैसे शत्रु राष्ट्र का मूक समर्थन करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। यह भूला नहीं जा सकता कि डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है? ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी?

राहुल को यह भी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू के समय चीन ने किस तरह पहले तिब्बत को हड़पा और फिर 1962 के युद्ध में ह्यहिन्दी चीनी भाई-भाईह्ल का नारा जप कर भारत माता की 45,000 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन को दे दी। आज जब भारत चीन के अतिक्रमणकारी एवं अति महत्वाकांक्षी रवैये के खिलाफ डटकर खड़ा है और उसे उसी की भाषा में जवाब दे रहा है तब राहुल गांधी एवं विपक्षी दलों के नेता जानबूझकर प्रधानमंत्री की एक सशक्त एवं विश्व नेता की छवि पर हमला करने के लिए उतावले रहते हैं। वह अंध मोदी विरोध के चलते सारी मयार्दाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं। वह यह बुनियादी बात समझने के लिए तैयार नहीं कि जब रक्षा और विदेश नीति के मामलों में राजनीतिक वर्ग एक सुर में नहीं बोलता तो इससे राष्ट्रीय हितों को चोट ही पहुंचती है, इससे राष्ट्र कमजोर होता है। चीन एवं पाकिस्तान जैसे दुश्मन राष्ट्र इसी से ऊर्जा पाकर अधिक हमलावर बनते हैं। अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी कर जिस तरह अपने नए नक्शे में दक्षिण चीन सागर को भी शामिल कर लिया, वह उसकी उपनिवेशवादी मानसिकता का ही परिचायक है। चीन अपनी कुचेष्टाओं एवं करतूतों से भारत को उकसाना चाहता है लेकिन शायद चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है।

सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया, कोरोना, एड्स और कुष्ठरोग से करना अक्षम्य !

उदयनिधि स्टालिन, प्रियांक खर्गे तथा ए. राजा को गिरफ्तार न किया, तो पूरे देश में आंदोलन ! - हिन्दू जनजागृति समिति

विश्वबंधुत्व की सीख देकर सभी का समावेश करनेवाले सनातन धर्म की डेंगू, मलेरिया, कोरोना, एड्स तथा कुष्ठरोग जैसे रोगों से तुलना कर सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करनेवाले तमिलनाडु के खेलमंत्री उदयनिधि स्टालिन, कर्नाटक के ग्रामीण विकास मंत्री प्रियांक खर्गे तथा तमिलनाडु के द्रमुक सांसद ए. राजा ने पूरे देश के करोडों हिन्दुओं की धार्मिक भावनाएं आहत की हैं । वे सभी अपने वक्तव्यों पर दृढ हैं । इस कारण पूरे देश के हिन्दुओं में रोष व्याप्त है । अतएव उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153(A), 153(B), 295(A), 298, 505 तथा आई.टी. एक्ट के अंतर्गत तत्काल अपराध प्रविष्ट किया जाए । इन सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून

(NSA) लागू कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए, ऐसी मांग हिन्दू जनजागृति समिति ने केंद्रीय गृहमंत्री मा. अमित शाह से की है । साथ ही कार्रवाई न होने पर पूरे देश में तीव्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है । इस मांग का निवेदन केंद्रीय गृहमंत्री मा. अमित शाह को भेज दिया गया है ।

देश के विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की बैठक मुंबई में होने के उपरांत उसमें सम्मिलित कुछ दलों में सनातन धर्म को लक्ष्य करने की होड लगी हुई है । करोडों हिन्दुओं की श्रद्धा पर आघात कर देश की एकता, अखंडता तथा शांति को संकट में डाला जा रहा है । मंत्री और सांसद जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन विभिन्न जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा इस प्रकार के वक्तव्य करना, लोकतंत्र की हार है । क्या इस प्रकार से इस्लाम, ईसाई आदि धर्मों के विषय में वक्तव्य करने का साहस इन राजनीतिक दलों में अथवा उनके नेताओं में है? बार-बार भडकाऊ वक्तव्य कर हिन्दुओं को लक्ष्य करनेवाले इन कानून-द्रोही जनप्रतिनिधियों को केवल मंत्रीमंडल से नहीं, अपितु विधानसभा एवं संसद से भी हटा देना चाहिए । सामान्यतः हिन्दुओं के विरोध में तत्परता से हेट स्पीच के अपराध प्रविष्ट करने के आदेश पुलिस को दिए जाते हैं; परंतु अनेक दिनों से अत्यंत निचले स्तर पर सनातन धर्म के विषय में वक्तव्य किए जा रहे हैं, तब भी न तो प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा है, न ही सर्वोच्च न्यायालय इस विषय में सु मोटो संज्ञान ले रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है ।

इस प्रकार से धार्मिक तनाव निर्माण करनेवाले नेताओं पर अपराध प्रविष्ट कर उन्हें दंड नहीं दिया गया, तो देश की शांति, एकता और अखंडता संकट में पड जाएगी । साथ ही देश में दंगे फैलाकर अराजकता निर्माण करने में ये आरोपी सफल हो जाएंगे । यदि ऐसा हुआ, तो इसके जिम्मेदार पुलिस तथा प्रशासन ही होंगे, ऐसा भी समिति ने कहा ।

रेवड़ियां बांटने की राजनीति देश के लोकतंत्र का बड़ा नुकसान कर रही है

ललित गर्ग

लोकसभा एवं पांच प्रांतों में विधानसभा चुनाव सन्निकट है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को मुफ्त की रेवड़ियां एवं सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोलते जा रहे हैं, चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़ें खोखली होती चली जाती हैं।

चुनाव प्रक्रिया महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन करने वाली हो जाती है। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। हाल के वर्षों में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें राजनीतिक दलों की बजाय सर्वोच्च न्यायालय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है या फिर चुनाव आयोग की। लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है। साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए तो उन्होंने चुनाव सुधारों की दिशा में वे कदम उठाए जो असंभव समझे जाते थे। शेषन चुनाव-सुधार के प्रेरक बने एवं उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पहली बार देश को अहसास कराया कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है। शेषन के बाद चुनाव आयोग सक्रिय हुआ है, लेकिन शेषन जैसे प्रभावी कदम उठाने की कमी अब भी दिखाई दे रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान में अशोक गहलोत सरकारों ने मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की झड़ी लगा रखी है। धनबल एवं बाहुबल के बाद इन वर्षों में सर्वाधिक मुक्त सुविधाएं देने की घोषणाएं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब बन रही है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना जनता की राष्ट्र के प्रति उदासीनता का द्योतक है, जरूरत इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाने की है। यह समस्या या विकृति किसी एक प्रांत की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की लोकतांत्रिक समस्या है।

साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्त्रोत से सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करेंगे। ऐसी गाइन लाइन का पालन कहां होता है? आम चुनाव एवं पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग को चाहिए कि कम से कम इस बार अपने दिशा-निर्देशों को सख्ती से लागू करे। चूंकि राजनीति में सेवा अब ज्यादातर दिखावटी हो गई है, मकसद व्यक्तिगत और दलगत दोनों स्तरों पर सिर्फ सत्ता प्राप्ति ही रह गया है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधाओं की घोषणाएं करने के पीछे भी मकसद यही है। इस पूरी प्रक्रिया में अंततः नुकसान जनता को ही होता है। तरह-तरह के नये टैक्स और महंगाई के बोझ से आखिर जनता ही दबती है। अब जरूरी हो गया है कि साल 2015 के अपने ही दिशा-निर्देश को कड़ाई से लागू करने की दिशा में चुनाव आयोग आगे बढ़े।

अहरौरा मे मेरी माटी-मेरा देश के तहत निकला भव्य कलशयात्रा

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत नगरपालिका परिषद अहरौरा व भाजपा कार्यकताओं के संयोजन मे भव्य कलशयात्रा निकाल घर घर से अक्षत संग्रह किया गया,पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सुबह नगर के मलाही टोला वार्ड नंबर 25 मे भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता व नगरपालिका परिषद अहरौरा के कर्मचारी भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेन्द्र अग्रहरि की अध्यक्षता व नगरपालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी अधिशासी अधिकारी रामदुलारे यादव के उपस्थिति मे चौक चौराहे से भव्य कलशयात्रा निकाल मलाही टोला वार्ड के प्रत्येक घरो मे जाकर अक्षत संग्रह किया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र अग्रहरि ने नगर पालिका क्षेत्र सहित मंडल के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों से अपील किया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान एक पवित्र अभियान है इस अभियान में पूरे देशवासियों के सहयोग और सभी घरो से लिये गये अक्षत व पवित्र मिट्टी से देश की राजधानी मे अमृत पार्क बनेगा सभी देशवासियों को इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की से गूंजा मंदिर परिसर

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के सुप्रसिद्ध श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गाया रात्रि होते ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया वही मंदिर के पुजारी श्री अमरेश चन्द्र पाण्डेय व आशीष पाण्डेय शिवम् पाण्डेय ने भगवान श्री रासबिहारी सरकार को विधिवत स्नान कराकर वस्त्र अलंकार आभूषण माला फूलों से सजाया तो वहीं मंदिर परिसर भी फूल मालाओं व झालरों से सजाया गया था भगवान की मनोहारी छटा की एक झलक पाने को भक्त बेकरार दिखे मध्य रात्रि बारह बजे भगवान का पट खुलते ही नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल कि से मंदिर परिसर गुजमान हो उठा भक्तों को प्रसाद के रूप में पंजीरी प्रसाद पंचामृत व माखन मिश्री भोग के बाद वितरण किया गया भक्त वृंदावन बिहारी लाल की जयघोष करते दिखे इस अवसर पर मंदिर समिति व हजारों श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भिड़ देखने को मिला ।।

जन सुनवाई हेतु जनपद के समस्त विकास खण्डों में आयोजित किया गया ग्राम चौपाल

प्रखर मिजार्पुर। आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद के 05 विधान सभाओं के कुल 12 विकास खण्डों के 24 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन सम्पन्न हुआ। विधान सभा क्षेत्र मझवां के विकास खण्ड पहाड़ी में ग्राम पंचायत विरोहिया व नेवढ़िया, विकास खण्ड- मझवां में नरायनपुर व महामलपुर, विकास खण्ड-सीटी में ग्राम पंचायत धौरूपुर व भटौली, विधान सभा क्षेत्र नगर के विकास खण्ड-कोन के ग्राम पंचायत मिश्रधाप अनुरूद्धपुर पश्चिमपट्टी, विधान सभा क्षेत्र छानबे के विकास खण्ड-छानबे में ग्राम पंचायत बरहाखुर्द व रन्नोपट्टी, विकास खण्ड-लालगंज में ग्राम पंचायत दुबारकलां व उसका, विकास खण्ड-हलिया में ग्राम पंचायत सोठियांकलां व बबुरारघुनाथ सिंह, विधान सभा क्षेत्र मड़िहान के विकास खण्ड पटेहराकला के ग्राम पंचायत हसरा व बनकी, विकास खण्ड राजगढ़ के ग्राम पंचायत तेन्दुआंकलां व गोबरदहां, विकास खण्ड-जमालपुर के ग्राम पंचायत भोकरौध व हाजीपुर, विधान सभा क्षेत्र चुनार के विकास खण्ड - नरायनपुर में ग्राम पंचायत मोहिउद्दिनपुर व रानीपुर, विकास खण्ड- सीखड़ में ग्राम पंचायत बटौआ व विदापुर में ग्राम चौपाल आयोजित हुई। जनपद के 24 ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम चौपाल की अध्यक्षता सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा की गयी। आयोजित ग्राम चौपाल में मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायत/सदस्य जिला पंचायत/ग्राम प्रधान सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

सपा ने जिपं व घोसी विधानसभा चुनाव जीत पर फोड़े पटाके

प्रखर मिजार्पुर। राजगढ़ के वार्ड नं0 3 से जिला पंचायत सदस्य के हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती शीलकुमारी ने भाजपा-अपना दल (एस) गठबंधन की अधिकृत प्रत्याशी आरती देवी को 471 मतो से हराकर जीत हासिल की है। इस अवसर पर कार्यकताओं ने पटाका फोड़कर व मिठाईया बांटकर खुशी का इजहार भी किया। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने जीत पर कहा कि यह हार केन्द्रीय राज्यमंत्री व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री की है। वह पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिला पंचायत उपचुनाव व घोसी विधानसभा उपचुनाव की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओ को बधाई देते हुई कही। उन्होने कहा कि इण्डिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को हराने का काम करेगा। उन्होने लगे हाथ भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार से जनता उब चुकी है और उखाड़ फेकना चाहती है। कार्यकताओं से कहा कि तैयार रहे लोकसभा चुनाव कभी भी हो सकता है।

तीन दिवसीय ठाकुर जी का मेला आज से

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के सत्यानगंज मोहल्ले में स्थित श्री ठाकुर जी का प्राचीन तीन दिवसीय मेला आज शनिवार से प्रारंभ होगा । उक्त जानकारी देते हुए श्री राधा कृष्ण सेवा स्थल समिति के मंत्री राजकुमार अग्रहरि ने बताया कि 9 सितंबर शनिवार को सायं काल 4 बजे श्री ठाकुर जी का सुसज्जित रथ मंदिर प्रांगण से निकलेगा जो विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रस्थान करेगा और पारंपरिक मार्गो से होते हुए देर रात दुर्गा जी पहाड़ पर पहुंचेगा जहां रात्रि में विराट का कजली दंगल का आयोजन किया जाएगा । 10 सितंबर को रविवार को दोपहर में 2 बजे अहरौरा बांध के पास स्थित प्राकृतिक स्टेडियम में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा और ठाकुर जी का रथ दुर्गा जी से चलकर कुश्ती दंगल का अवलोकन करते हुए देर रात्रि गोला कन्हैया लाल में पहुंचेगा जहां रात्रि में विराट कजली दंगल का आयोजन होगा । 11 सितंबर सोमवार को रथ गोला कन्हैया लाल से चलकर देर रात्रि श्री नाथ साहू के निवास पर पहुंचेगा वहां भी रात्रि में विराट कजली दंगल का आयोजन होगा ।और भोर में में रथ अपने मंदिर प्रांगण श्री राधा कृष्ण मंदिर में पहुंच जाएगा। राजकुमार अग्रहरि ने नगर वासियों से मेले को सफल बनाने एवं कुश्ती दंगल में अधिक से अधिक संख्या में शिरकत करने का अनुरोध किया है ।

जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर गृह प्रवेश के साथ जन्म दिवस एवं कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रखर वाराणसी। शिवपुर थाना क्षेत्र में प्रमोद मौर्या जी के निवास स्थान पे जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर गृह प्रवेश एवं उनके पौत्र नयंश का जन्मदिवस बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया जहां एक तरफ भगवान श्री कृष्ण के लीलाओं की झांकियां सज रही थी तो वही पौत्र नयंश के जन्मदिन एवं गृह प्रवेश की खुशियों का माहौल हर तरफ छाया हुआ था। वहीं पार्श्व गायक राजन तिवारी एवं पार्श्व गायिका वैष्णवी शर्मा ने कार्यक्रम के माहौल में और भी ज्यादा चार चांद लगाकर कार्यक्रम को और भी खुशनामा बनाकर समा बांधे रखा । दूसरी तरफ घर की महिलाओं दादी अनीता मौर्या बुवा, इशिता मौर्या दीपाली मौर्य, प्रसन्नचित देखी, तो वहीं दूसरी तरफ नयंश मौर्या के माता राधिका मौर्य पिता सुरज कुमार मौर्या अपने गृह प्रवेश कार्य के साथ ही बच्चे के जन्मदिवस के अवसर पर सभी बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए अपने बच्चे के स्वस्थ दीघार्यु एवं उसके जीवन की मंगल कामना करते हुए सभी का आशीर्वाद लेते हुए धन्यवाद दिया।

शुद्धिपुर स्थित ऋषिव वैदिक अनुसंधान ,शोध एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

प्रखर दानगंज वाराणसी। बाबा काशी विश्वनाथ जी की पावन नगरी वाराणसी के शुद्धिपुर स्थित ऋषिव वैदिक अनुसंधान ,शोध एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आचार्य प्रशांत ने शास्त्रोक्त विधि से भगवान श्री कृष्ण का पूजन पाठ कर कार्यक्रम का आरंभ किया। इस पुनीत अवसर पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ से पुरस्कृत गायिका विदुषी वर्मा ने तुम बिन मोरी कौन खबर ले से अपने गायन की शुरूआत किया। तत्पश्चात राधा रमणम, देखो कान्हा खड़े हैं बिरज की ओर, मनिहारी का भेष बनाया, श्याम चूड़ी बेचने आया तथा कार्यक्रम का समापन अपने चर्चित एल्बम भजन तेरा प्रेम बड़ा अनमोल से किया।

फील्ड ट्रिप व्यापार सुविधा और प्रदर्शनी केंद्र (टीएफईसी) का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। छात्र कल्याण पहल, एमएमवी ने 8 सितम्बर शुक्रवार को वाराणसी में व्यापार सुविधा और प्रदर्शनी केंद्र (टीएफईसी) में एक शानदार फील्ड ट्रिप का आयोजन किया गया` इस ट्रिप में 48 उत्साही छात्राओं के साथ-साथ चार शिक्षकों का समूह भी शामिल हुआ इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराना और उनके उद्यमशीलता कौशल को विकसित करना था` छात्राओं को प्रदर्शनियां देखने, उत्पादन प्रक्रियाओं, विपणन रणनीतियों, गुणवत्ता मानकों और उत्पादों की निर्यात क्षमता के बारे में जानने का मौका मिला कुछ सफल उद्यमियों के साथ बातचीत करने का अवसर भी मिला जिन्होंने टीएफईसी की मदद से अपना व्यवसाय स्थापित किया है हमें उम्मीद है कि यह यात्रा छात्राओं में उद्यमशीलता के सपनों

को आगे बढ़ाने और देश के सामाजिक- आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी` छात्रों को TFEC में मौजूद विशेषज्ञों और प्रदर्शकों से मूल्यवान समझ मिली, साथ ही साथ, वे वाराणसी के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सुंदरता का मजा भी ले सके इस फील्ड ट्रिप के लिए हमें TFEC का धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने हमें मेहमाननवाजी से स्वागत किया और हमें उनके संस्थान का भ्रमण करवाया` हमें आशा है कि हमारे छात्राओं को इस ट्रिप से बहुत कुछ सीखने, समझने और प्रेरित होने का मौका मिला होगा इसके लिए हम कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन और प्रधानाचार्या प्रोफेसर रीता सिंह के भी आभारी हैं जिनके सहयोग से ये संभव हो पाया।

अवध पैरामेडिकल में मनाया गया विश्व फिजियोथिरापी दिवस

प्रखर जौनपुर। जौनपुर के विशेषरपुर पंचहटिया स्थित अवध पैरामेडिकल कॉलेज में विश्व फिजियोथिरेपी दिवस मनाया गया। शुक्रवार को विश्व फिजियोथेरेपी

दिवस के अवसर पर कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि डाक्टर शकुंतला यादव प्रबंधक निदेशिका ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। बतौर मुख्य अतिथि डाक्टर शकुंतला यादव ने कहाँ कि समाज मे हड्डी,कमर सर्वाइकल तेजी से बढ़ रहा हैं इन सबसे निजात पाने में फिजियोथेरेपी विधि बहुत कारीगर साबित हों रही हैंइस क्षेत्र में युवा जुड़ कर रोजगार भी पा रहें है। इसी क्रम में कालेज के फिजियोथिरैपी विभाग अध्यक्ष डाक्टर वरुण गौड़ ने कहाँ कि यह कार्यक्रम के अंतर्गत अर्थारइटिस थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे इसके अंतर्गत होने वाले रोग व समस्याओ के इलाज सम्बंधित थिरापी बताई गयी। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल आकाश मौर्या, डायरेक्टर अखिलेश सिंह, डाक्टर निखिल साहू, डॉ रितेश अग्रहरि, डाक्टर आशीष विश्वकर्मा, सुनील यादव उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदु महासभा ने नेपाल के केंद्रीय सनातनी संरक्षक को किया श्रीमद् भागवत कथा में आमंत्रित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने राष्ट्रीय एकता परिषद नेपाल के केंद्रीय संरक्षक एवं नेपाल राज घराने के शमशेर जंग बहादुर राणा को किया सम्मानित और श्री आशुतोष महाराज के शिष्य साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में आने के लिए आमंत्रण दिया गया जो की वाराणसी के नारिया क्षेत्र में भव्य आयोजन होने जा रहा है` श्री आशुतोष महाराज जी के सभी भक्त कथा के आयोजन में कोई कमी न हो जिसके लिए प्रयास रत है राणा जी को सम्मानित भी किया जिससे अभिभूत हुए और कहा की भारत और नेपाल देश एक मित्र देश है जहा पे सनातन धर्म को मानते है इसे हम सभी को मिलकर पूरे विश्व पे स्तर पे लाना एवं सभी को जोड़कर रखना है राणा जी ने कहा की ये मेरा सौभाग्य है की नेपाल देश से भारत देश के वाराणसी में कथा के आयोजन में आऊ और आने के लिए पूरी कोशिश करेंगे` अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने कहा की हिंदू धर्म भारत देश का

राष्ट्रीय धर्म है जहां एक से बढ़कर एक महात्मा और ऋषि पैदा हुए ज्योतिषाचार्य चंद्रमौली चतुर्वेदी ने सदस्यों के साथ कहा की भारत देश के सनातन धर्म से कोई समझौता नहीं होगा इसके लिए सरकार से मांग भी होगी की जल्द से जल्द हिंदू राष्ट्र घोषित हो।

बलिया जा रहा कोलड्रिंक से भरा ट्रक गुमती को तोड़ते हुए पलटा, चालक घायल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भरौली कला गांव के पास वाराणसी से बलिया जा रहा कोलड्रिंक से भरा ट्रक शुक्रवार की भोर में पलट गया। तथा चालक बाल बाल बच गया लेकिन वह चोटिल हो गया है। इलाज उसका स्थानीय डॉक्टर के यहां जारी है ।प्राप्त सुचना के अनुसार शुक्रवार की भोर में कोल्ड ड्रिंक से भरा ट्रक को लेकर चालक विनोद यादव बलिया जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र में पहुंचाने जा रहा था भोर के समय मोहम्मदाबाद चितबड़ागांव होते हुए भरौली कला गांव के पास चटटी पर पहुंचा ही था कि अचानक रोड के बीचों बीच बड़ा गड्ढा देख ब्रेक चालक ने लगा दिया लेकिन वाहन कंट्रोल नहीं हो सका और दाहिने तरफ रखी मोपेड मैकेनिक

बहादुर राम की लकड़ी की गुमटी को टक्कर मारते हुए रोड के नीचे पलट गया। संजोग अच्छा रहा कि भोर के समय सड़क खाली थी और टक्कर हुई गुमटी में कोई रात में सोया नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था । ट्रक पलटते ही टहलने निकले लोगों ने मौके पर पहुंच चालक को केबिन से बाहर निकाला व इलाज हेतु स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए । चालक विनोद यादव ने बताया कि अचानक सामने बड़ा गड्ढा देख हमने ब्रेक लगा दिया जिसमें दाहिने तरफ का झूला टूट गया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गुमटी को टक्कर मारते हुए पलट गया । इस संबंध में थाना अध्यक्ष देवेंद्र सिह यादव ने बताया की ट्रक पलटने की सूचना मिली है पुलिस मौके पर पहुंच गई है ।

विश्व हिंदू परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

प्रखर दानगंज वाराणसी। विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस चोलापुर प्रखंड द्वारा दानगंज बाजार स्थित जेपी लान में मनाया गया। बता दें कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती पर जोर देने की बात कही गई। इस दौरान कार्यकर्ता को स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया। चोलापुर प्रखंड के दानगंज जेपी लान में आयोजित स्थापना दिवस समारोह बैठक में विश्व हिंदू परिषद के काशी प्रांत संगठन मंत्री नितिन जी की मौजूदगी में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। बोलते हुए उन्होंने कहा कि 1964 को जन्माष्टमी के दिन विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई थी। जिसका उद्देश्य पूरे हिंदू समाज को संगठित करना व धर्मांतरण पर रोक लगाना, गो तस्करी पर रोक लगाना ,लव जिहाद पर रोक लगाना, हिंदू मठ मंदिरों की सुरक्षा का बंदोबस्त करना था। और हम सब उसी क्रम में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। विहिप के उपस्थित पदाधिकारियों में राजेश पाण्डेय जिलाध्यक्ष विहिप वाराणसी,

मनोज पाण्डेय, सत्य प्रकाश चौबे प्रखंड उपाध्यक्ष विहिप चोलापुर, चिराग पाण्डेय वाराणसी जिला सह मंत्री विहिप, अंशु बरनवाल चोलपुर प्रखंड सह उपाध्यक्ष, हिमांशु बरनवाल बजरंग दल संयोजक प्रखंड चोलपुर, सम्पूर्ण तिवारी प्रखंड सह उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र यादव बजरंग दल सह संयोजक, मनोज सरोज चोलपुर प्रखंड मंत्री, विनोद सिंह मंडल अध्यक्ष बीजेपी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

किसानों के हक की आवाज विस में उठाऊंगा : तूफानी सरोज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा तहसील के एक दर्जन गांवों के किसानों द्वारा काशी द्वार के लिए अधिग्रहण करने विरोध में चलाये जा रहे आन्दोलन के बीच केराकत विधायक तूफानी सरोज भी मानापुर गांव पहुँचे और किसानों से मिले। शुक्रवार को अपराह्न में पहुचे मछली शहर के पूर्व सांसद व केराकत विस-क्षेत्र के सपा विधायक तूफानी सरोज ने कहाकि किसानों के हक और अधिकार को विधान सभा में प्रश्न उठाऊंगा। किसानों को किसी भी तरह से प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किया गया तो सड़क पर उतरेंगे। इस दौरान सपा विधायक को दिए पत्रक में किसानों ने गुहार लगाई कि तहसील पिंडरा के एक दर्जन गावो के किसानों की जमीन पहले ही बाबतपुर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण व नागापुर में सांस्कृतिक संकुल के लिए एक हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहण की जा चुकी है। कुछ बची जमीन पर अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं। अब उसे भी छीनने में लगी है। इस दौरान वंशलाल लाल पटेल, फतेहनारायन पटेल, प्रेमकुमार, सन्तोष पटेल, शत्रुघ्न पटेल समेत किसान रहे।

घोसी उप चुनाव में इण्डिया गठबंधन की जीत तय, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खिलाया लड्डू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर, उत्तर प्रदेश की मऊ जनपद की घोसी विधानसभा उपचुनाव के आज शुक्रवार को हुई मतगणना में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत सुनिश्चित होते देख कांग्रेस खेमे में खुशी छा गई, स्थानीय कचहरी परिसर पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने इसे इण्डिया गठबंधन की जीत बताते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया, प्रदेश सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त होकर घोसी की जनता ने इण्डिया गठबंधन के समर्थित सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह को भारी वोटो से जीताने का काम किया है, वहां की जनता ने भाजपा के खिलाफ चुनाव लडा है, जिसके लिए वहां की जनता बधाई की पात्र है, अब भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया था और भारतीय जनता पार्टी के घमंडिया गठबंधन के खिलाफ इंडिया गठबंधन की यह जीत आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का सुपड़ा साफ कर देगी।

इस चुनाव ने 2024 लोकसभा चुनाव की भी दिशा और दशा तय कर दी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह, बटुक नारायण मिश्र, चंद्रिका सिंह, मंसूर जैदी, दिव्यांशु पांडे, सुधांशु त्रिवेदी, शबीहूल हसन, हामिद अली एडवोकेट, राम नगीना पांडे, डॉक्टर सुमेर कुशवाहा, आलोक यादव, लाल मोहम्मद, राशिद भाई, रईस अहमद ,रतन तिवारी, राजेंद्र कुशवाहा एडवोकेट, राजेश उपाध्याय, झुन्नाशर्मा ओजस साहू ,अंकित यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा नियुक्त किए गए जिलाध्यक्ष राजकुमार एंथोनी एवं समस्त कार्यकारिणी का किया गया भव्य स्वागत

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन क्षेत्रीय इकाई सेक्टर टू बैरियल अध्यक्ष नम्रता सरकार के संयोजन में सेक्टर 2 बेरियल के चौक में अभिनंदन समारोह आयोजित कर प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा नियुक्त किए गए जिलाध्यक्ष राजकुमार एंथनी व समस्त जिला कार्यकारिणी का भव्य कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया सभी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के अभिनंदन के उपरांत सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया 11 सितंबर सोमवार को सभी पंचपुरी के रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारी नगर निगम प्रशासन द्वारा चयनित किए गए वेंडिंग जोन के निर्माण और सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत दी जाने वाली 10000 की अनुदान राशि में नगर निगम सिटी मेंशन विभाग द्वारा की जा रही लापरवाही के विरोध में नगर निगम के उच्च अधिकारियों के घेराव किए जाएंगे` इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नगर निगम में

पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को दी जा रही खातों में 10000 की अनुदान राशि में नगर निगम के सिटी मेंशन विभाग द्वारा भेदभाव किए जा रहे हैं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है जबकि करोना काल के दौरान सभी रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत एल ओ आर नंबर दिए जा चुके हैं संजय चोपड़ा ने यह भी कहा भगत सिंह चौक से सेक्टर टू बैरियल तक बनाए जाने वाला वेंडिंग जोन की लाभार्थी सूची नगर आयुक्त की अध्यक्षता में की गई फेरी समिति की बैठक में सत्यापित की जा चुकी है और जो तीन वेंडिंग जोन व्यापार के लिए संचालित किए जा रहे हैं उनमें भी रख-रखाव ना होने के कारण स्थानीय कारोबारी लघु व्यापारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जोकि अन्याय पूर्ण है` इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार एंथनी ने कहा उत्तरी हरिद्वार मध्य हरिद्वार , कनखल, ज्वालापुर, न्यू सब्जी मंडी, सीतापुर रोड इत्यादि क्षेत्र के रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को स्थान उपलब्ध कराकर सब्जी मार्केट के रूप में वेंडिंग जोन बनाए जाने से हजारों लोगों को राज्य सरकार के संरक्षण में सुरक्षित रूप से स्वरोजगार मिल सकेंगे` अभिनंदन समारोह में सम्मिलित हुए पदाधिकारी में प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार ,मंडल जिला उपाध्यक्ष सचिन राजपूत, जिला महामंत्री रणवीर सिंह, विकास सक्सेना जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र चौधरी, महिला मोर्चे की संयोजक पूनम मकान ,जय भगवान, प्रद्युम्न सिंह ,कमल शर्मा, नंदकिशोर गोस्वामी, नीरज कशयप, जमीन असारी, नईम सलमानी, अनूप सिहं, रवि अरोड़ा, मुकेश कशयप , सभापति सिंह मुकेश दीवान, सुरेन्द्र धर्मपाल, ऊषा देवी, सीता चौहान आदि प्रमुख रुप से शामिल रहे।

सम्मान के साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी भी बढ़ जाती हैं : जिलाध्यक्ष

प्रखर पिंडरा वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में शुक्रवार को बीआरसी मंगारी पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य शिक्षक पुरस्कार व एससीईआरटी से पुरस्कृत शिक्षक द्वय को सम्मानित किया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह ने कहाकि शिक्षकों जब उसके कार्य के लिए पुरस्कार मिलता है तो समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है वही समाज भी उससे ज्यादा उम्मीदे करने लगता है। राज्य शिक्षक पुरस्कार से डॉ कुँवर पंकज सिंह व ब्लॉक के नवाचारी शिक्षक कमलेश पांडेय को एससीईआरटी द्वारा पुरस्कृत किये जाने से पिंडरा ब्लॉक के साथ जनपद का शिक्षक गौरवान्वित हुआ है। जिलामंत्री व राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शैलेंद्र विक्रम सिंह ने कहाकि शिक्षक व संगठन एक दूसरे के धुरी है। आज जो भी शिक्षकों को भी सम्मान मिला है उसमें संगठन की कही न कही भूमिका होती है। संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन धर्मेंद्र सिंह ने दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राकेश पाठक, जिला संयोजक राजीव सिंह, हरहुआ ब्लाक अध्यक्ष डॉ राजेश्वर सिंह, चोलापुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, ब्लॉक मंत्री सत्यनारायण वर्मा, विनय सिंह, सर्वेश सिंह, पप्पू गिरी, सन्तोष मिश्रा, प्रमोद सिंह, वीरेंद्र कुमार, अखिलेश सिंह, डॉ राजीव गौतम, अखिलेश मिश्र, रमेश कुमार, अरविंद वर्मा समेत सैकड़ो शिक्षक रहे।

संक्षिप्त खबरें

जौनपुर सपाजनों ने घोसी जीत का जश्न मनाया

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल विधायक लकी यादव के नेतृत्व घोसी उपचुनाव में जीत के खुशी मे कार्यकर्ता के साथ एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। कहा कि घोसी उपचुनाव की जीत एक संन्देश दिया की जनता अब जाग गयीं अब झूठ बोलने वालों को सबक सिखाने का काम करेगा घोसी मे ऐतिहासिक वोटों से जनता ने चुनाव जिता कर दिखा दिया कि इंडिया गठबंधन ऐतिहासिक जीत का शुरूआत हुआ है अब जनता 2024 के चुनाव का इंतजार कर रही हैं भाजपा सरकार से जनता जल्द से जल्द झुटकारा पाना चाहतीं है अभी ये सुरुवात है आगे भाजपा गठबंधन साफ है मुख्य रूप से डां जितेंद्र यादव,राजेन्द्र टाइगर, राहुल त्रिपाठी, अखण्ड प्रताप यादव, रामधारी पाल, सोचनराम विश्कर्मा,विवेक यादव,अनुपमा पटेल, आरबी यादव, अनील दूबे, नितिन सैफई, अशोक नायक आशीष यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

नाग नदी बचाओ अभियान में वृक्षारोपण के साथ संखनाद

प्रखर पिंडरा। स्थानीय न्यायपंचायत पिण्डरा अन्तर्गत नाद नदी के किनारे पिण्डरा खण्ड वाराणसी के कनक पुर गांव मे भारत संचेतना अधिष्ठानम, काशी के तत्वावधान मे 08-14 सितंबर 2023 गंगा गोमती सई बरूणा नाद नदी जल संबाद एंव वृक्षारोपण अभियान के क्रम मे गो पालक संजय सिंह के गिर गौशाला पर श्रीमान हरिशंकर सिंह प्राकृतिक किसान की अध्यक्षता मे नाद नदी बचाओ अभियान एंव वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया ।मुख्य अतिथि सु श्री शिप्रा पाठक वाटर वूमेन ने तुलसी का पौधा गौशाला मे पौधरोपण कर गो निर्मित दिया व देशी घी की आरती करके कार्यक्रम का श्री गणेश करते हुए वृक्षारोपण का दिया संदेश। इस अवशर पर प्रकृति चिन्तक डा सुरेश कुमार ने भारतीय सनातन मुल्य परम्परा अध्यात्म संस्कृति से प्राण तत्व जल व नाद नदियो को जोड़ते हुए नदियो की स्वच्छता व जल बचाने पर जोर दिया। अध्यक्षीय वक्तव्य मे श्री हरिशंकर ने गो वंश आधारित प्राकृतिक खेती पर प्रकाश डालते हुए बृछारोपण करने का दिया संदेश। कार्यक्रम संचालन- पर्यावरणविद आनन्द प्रकाश ने किया इस अवशर पर मुख्य रूप से डा आशीष अमन सेठ भूतपूर्व सैनिक ओमप्रकाश दीक्षित ,सचिन पाण्डेय, रितिका सिंह, अभय नारायन सहित सैकड़ो ग्रामीण पर्यावरण प्रहरी उपस्थित रहे।

श्री कृष्ण की मानें तो देश बने विश्व गुरु

प्रखर वाराणसी। आर्य समाज लल्लापुरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर प्रधान सी.ए. विष्णु प्रसाद ने सपत्नीक सभी के साथ सामूहिक बृहद यज्ञ करने के पश्चात सभागार में व्याख्यान कराएं। यज्ञ पाणिनी कन्या महाविद्यालय के छात्राओं के ब्रम्हत्व में हुआ । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आर्य प्रतिनिधि सभा वाराणसी-चन्दौली के अध्यक्ष प्रमोद आर्य 'आर्षेय' ने किया। अमेठी से पधारे डॉक्टर ज्वलंत शास्त्री जी ने कहा कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के २००वीं जयन्ती ज्ञान प्रकाश पर्व पर रचित सत्यार्थ प्रकाश के ग्यारहवें समुल्लास में महाभारत व गीता के आधार पर बताए गए श्री कृष्ण जी के जीवन चरित को अपनाकर ही भारत को पुनः विश्वगुरु बनाया जा सकता है । पाणिनि कन्या विद्यालय की पूर्व छात्रा व बीएचयू की शोध छात्रा सुश्री दिव्य किरण आर्या ने कहा कि अभी कुछ दिनों पूर्व मैं काफी अस्वस्थ हो गई व औषधादि से भी उत्तम स्वास्थ्य लाभ न मिलने पर पिताजी के प्रेरणा से यज्ञ व योग यानी श्री कृष्ण जी के जीवन चरित को स्वयं में उतारने पर ही आज मैं स्वस्थ होकर आप सभी के सामने उपस्थित हो पाई हूं । जिला सभा के मंत्री श्री सत्येंद्र आर्य जी ने कहा कि योगीराज कृष्ण को जान व मानकर ही हमसब अपने जीवन को सदाचारी बना सकते हैं । स्वामी राजेन्द्र योगी सरस्वती, मिजार्पुर ने कहा कि मुगल समय में लिखे पुराणों व भागवत को इतना अधिक प्रक्षेपित किया गया है कि उस प्रेक्षण को त्यागकर ही हमसब योगीराज भगवान श्री कृष्ण जी के चरित्र को सही दिशा में जान व मान सकते हैं। इस अवसर पर मातृ मन्दिर कन्या गुरुकुल की आचार्या डॉक्टर गायत्री आर्या के द्वारा तैयार कराए गए नन्हीं ब्रह्मचारिणियों द्वारा गीता के पाठ का गायन व योगेश्वर श्रीकृष्ण जी के चरित्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गएं। सोमेन्द्र आर्य ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया।

राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ने बच्चों के साथ खुशी का किया इजहार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। प्राथमिक विद्यालय फूलपुर के प्रधानाध्यापक डॉ कुँवर पकंज सिंह राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद शुक्रवार को विद्यालय पहुचे जिसपर छात्रो व शिक्षकों ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने अपने इस उपलब्धि को उन्हें बच्चों को समर्पित किया कहाकि बच्चों के मदद से ही बेहतर शैक्षणिक माहौल व उनके अथक प्रयास से विद्यालय को ऊसर से उपवन में बदलने की कल्पना को मूर्ति रूप दे पाया। प्रेरक संतोष कुमार गुप्ता द्वारा प्रधानाध्यापक को स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के समक्ष छात्र एवं उपस्थित समस्त विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों को अपनी खुशी का इजहार करते हुए मिष्ठान वितरण कराया गया।

डायबिटीज रोगियों को हो सकता है
रेटिनोपैथी का खतरा

न्यूयॉर्क (आईएएनएस)। एक शोध से यह सामने आया है कि मधुमेह में स्वास्थ्य संबंधित स्थितियों के साथ रेटिना पर कोलेस्ट्रॉल जमा हो सकता है जिससे मरीज की दृष्टि प्रभावित हो सकती है, जिसे रेटिनोपैथी कहा जाता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी मधुमेह की एक गंभीर दृष्टि-घातक जटिलता है जिससे दृष्टि हानि के साथ अंधापन भी आ सकता है।

अमेरिका में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी की एक टीम के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि जमा हुआ कोलेस्ट्रॉल रेटिना की छवियों में देखा जा सकता हैं। गैर-इनवेसिव रेटिना का मूल्यांकन अधिकांश ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा किया जा सकता है, जिससे अधिक लोगों के लिए निदान का अवसर पैदा होता है। फिजियोलॉजी के एमएसयू प्रोफेसर एमेरिटस जूलिया बुसिक ने कहा, रेटिनोपैथी अंधेपन का प्रमुख कारण है और यह टाइप 1 और टाइप 2 मधुमेह की सबसे खतरनाक जटिलताओं में से एक है। मधुमेह विकसित होने के 20 वर्षों के भीतर टाइप 1 या टाइप 2 मधुमेह वाले प्रत्येक व्यक्ति में कुछ हद तक रेटिनोपैथी होगी। वर्तमान में यह बहुत आक्रामक है। रेटिनोपैथी का अंतिम चरण पर ही पता चल पाता है।

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि ये कोलेस्ट्रॉल क्रिस्टल एथेरोस्क्लोरोटिक प्लाक में पाए जाने वाले क्रिस्टल की तरह होते हैं जो धमनियों में बन सकते हैं और दिल के दौरे का कारण बन सकते हैं। एमएसयू डिवीजन ऑफ कार्डियोलॉजी के प्रमुख जॉर्ज अबेला ने टीम को स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी के लिए रेटिना टिशू तैयार करके रेटिना को स्कैन करने के तरीकों की पहचान करने में मदद की। इससे शोधकर्ताओं को क्रिस्टल की संरचना का विश्लेषण करने में भी मदद मिलती है, जो आमतौर पर तब होता है जब एक ही स्थान पर बहुत अधिक कोलेस्ट्रॉल होता है। एमएसयू में सेलुलर और एकीकृत फिजियोलॉजी कार्यक्रम में डॉक्टरेट उम्मीदवार और पेपर के पहले लेखक टिम डोरवेइलर ने कहा, हम सक्रिय रूप से इस बात पर काम कर रहे हैं कि रेटिना में कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है। मस्तिष्क की तरह ही रेटिना भी एक बहुत अलग अंग है, और दोनों में एक रक्त अवरोध होता है जो उन्हें शरीर के बाकी हिस्सों से अलग करता है। यही कारण है कि रेटिना का अध्ययन करना कठिन और बेहद जटिल हो जाता है। ऐसी भी उम्मीद है कि कोलेस्ट्रॉल से बनने वाले क्रिस्टल को संबोधित करने के लिए नए उपचार डायबिटिक रेटिनोपैथी के मौजूदा विकल्पों की तुलना में कम आक्रामक हो सकते हैं।

> ■ रेटिनोपैथी अंधेपन का प्रमुख कारण है और यह टाइप 1 और टाइप 2 मधुमेह की सबसे खतरनाक जटिलताओं में से एक है

राशिद खान ने निभाई सोलर, लूनर मिशन में अहम भूमिका

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राशिद खान ने इसरो के पहले सोलर मिशन आदित्य-एल 1 लॉन्च में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राशिद जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पूर्व छात्र हैं। फिलहाल वह बतौर वैज्ञानिक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में कार्यरत हैं। वह इसरो के प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स, तमिलनाडु में वैज्ञानिक एसडी के रूप में कार्य कर रहे हैं।

राशिद बिहार के एक छोटे से शहर छपरा से ताल्लुक रखते हैं। उनके माता-पिता, नूर आलम खान और नूर आयशा दोनों ही पेशे से शिक्षक हैं। परिजनों के मुताबिक राशिद को इसरो में वैज्ञानिक के रूप में काम करते देखना उनका सपना था जिसे उनके बेटे ने सफलतापूर्वक पूरा किया। जामिया विश्वविद्यालय ने राशिद के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राशिद रॉकेट पीएसएलवी-सी57 के लिए उपयोग किए जाने वाले पीएस2 और पीएस4 चरण के एक्सेप्टेंस टेस्ट में सक्रिय रूप से शामिल थे। जामिया विश्वविद्यालय का कहना है कि उनके पूर्व-छात्र राशिद ने इसरो के चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 में भी अहम भूमिका निभाई है। उनकी जिम्मेदारी 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च के लिए उपयोग किए जाने वाले एलवीएम3-एम 4 रॉकेट के लिए एल 110 चरण (लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम) और सी 25 चरण (क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम) प्रणोदक टैंकों का एक्सेप्टेंस टेस्ट करना था।

एआई से डरे बिग बी
बोले- किसी दिन बेरोजगार हो जाऊंगा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से घबरा गए हैं। उन्होंने केबीसी के सेट पर कहा कि उन्हें भविष्य में इसकी वजह से रिप्लेस होने का डर है, क्योंकि यह फिल्मों में पहले से ही होना शुरू हो गया है। क्विज आधारित रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन-15 के 18वें एपिसोड में होस्ट अमिताभ बच्चन ने अहमदाबाद, गुजरात के बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र चिराग अग्रवाल का हॉट सीट पर स्वागत किया।



2,000 रुपये के प्रश्न के लिए चिराग से पूछा गया, इनमें से कौन सा शब्द आमतौर पर कंप्यूटर प्रोग्राम लिखने के लिए भी उपयोग किया जाता है? प्रतियोगी ने सही उत्तर दिया - कोडिंग। 'जंजीर' फेम अभिनेता ने कहा, कोड कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में इस्तेमाल किया जाने वाला एक शब्द है। यह कंप्यूटर को चरण-दर-चरण निर्देश देता है कि क्या करना है। आपने देखा होगा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया भर में फैल गया है। क्या आप कॉलेज में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में सीख रहे हैं? प्रतियोगी ने उत्तर दिया, सर हमारे बहुत सारे पाठ्यक्रम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित हैं।

हम एआई का भी अध्ययन करते हैं। मेरे पास आपके लिए एआई से संबंधित एक प्रश्न है। सर, जब एआई बनाया गया था तो सभी को आश्चर्य होता था कि क्या यह सबसे पहले मजदूरों की नौकरियां हड़पेगा। लेकिन, अब हम देख रहे हैं कि एआई अधिक रचनात्मक लेखन जैसी नौकरियों पर कब्जा कर रहा है। इसके बाद चिराग ने कलाकार से पूछा, मैं अब आपके सामने बैठा हूं, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं। लेकिन, भविष्य में किसी दिन आपको शूटिंग के लिए देर हो सकती है। वो आपका एक आभासी होलोग्राम भेज सकते हैं और हम उसके साथ बातचीत कर सकते हैं। इस पर बिग बी ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, मैं आपको एक बात बता दूं, आप अभी होलोग्राम से बात कर रहे हैं।

> सर, जब एआई बनाया गया था तो सभी को आश्चर्य होता था कि क्या यह सबसे पहले मजदूरों की नौकरियां हड़पेगा। लेकिन, अब हम देख रहे हैं कि एआई अधिक रचनात्मक लेखन जैसी नौकरियों पर कब्जा कर रहा है।

80 वर्षीय अभिनेता ने आगे कहा, मैं इतना समझदार नहीं हूं कि यह सब समझ सकूं। लेकिन, हां, मैंने ऐसे कई उदाहरण सुने हैं। और, यह मुझे डराता है, एक दिन, वे मेरी जगह ले सकते हैं। यह फिल्मों में पहले से ही हो रहा है।उन्होंने कहा कि मुझे एक कमरे में बिठाया गया और वहां 40-45 कैमरे एक साथ तस्वीरें ले रहे थे। यह चारों ओर से बंद हो जाता है, और फिर वे मुझसे क्लॉकवाइज और एंटी क्लॉक वाइज में घूमने के लिए कहा गया।

अमेरिकी शहर ने तीन सितम्बर को घोषित किया 'सनातन धर्म दिवस'

वाशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिकी राज्य केंटुकी के एक शहर ने तीन सितम्बर को 'सनातन धर्म दिवस' घोषित कर दिया है, जबकि भारत में इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है और तमिलनाडु के एक मंत्री ने इसे खत्म करने का आह्वान किया है। लुइसविले के मेयर क्रेग ग्रीनबर्ग ने हाल ही में केंटकी के हिंदू मंदिर में एक समारोह में भाग लिया, जहां तीन सितम्बर को आधिकारिक उद्घोषणा उनकी डिप्टी बारबरा सेक्सटन स्मिथ ने पढ़ी। मेयर ग्रीनबर्ग ने बुधवार को एक्स पर लिखा, मुझे हिंदू मंदिर में महाकुंभाभिषेकम समारोह में भाग लेने पर सम्मानित महसूस हुआ। मंदिर के नवीनीकरण और जीर्णोद्धार के लिए किए गए अनुष्ठान महान सांस्कृतिक महत्व रखते हैं। हमारे कार्यालय ने आधिकारिक तौर पर 3 सितम्बर को 'सनातन धर्म दिवस' के रूप में घोषित किया है। कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष चिदानंद सरस्वती, श्री श्री रविशंकर और भगवती सरस्वती के साथ-साथ लेफ्टिनेंट गवर्नर जैकलिन कोलमैन, डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ कीशा डोरसी सहित कई आध्यात्मिक नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

जापान ने एक्स-रे दूरबीन ले जाना वाला रॉकेट किया प्रक्षेपित

टोक्यो (एपी)। जापान ने बृहस्पतिवार को एक एक्स-रे दूरबीन ले जाने वाला रॉकेट प्रक्षेपित किया, जो ब्रह्मांड की उत्पति का पता लगाएगा। जापान द्वारा प्रक्षेपित रॉकेट में दूरबीन के साथ-साथ चांद की सतह पर उतारने के लिए एक छोटा लैंडर भी भेजा गया है।

दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से 'एचआईआई-ए' रॉकेट के प्रक्षेपण का जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) ने सीधा प्रसारण किया। रॉकेट के प्रक्षेपण और प्रशांत क्षेत्र पर उड़ान भरने के बाद जेएएक्सए के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने रॉकेट प्रक्षेपित कर दिया।' प्रक्षेपण के 13 मिनट बाद रॉकेट ने एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन या एक्सआरआईएसएम नाम के एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया, जो गति मापेगा और आकाशगंगाओं के बीच की संरचना का पता लगाएगा।

> ■ ब्रह्मांड की उत्पति का लगाएगा पता

जेएएक्सए ने कहा कि इससे प्राप्त होने वाली जानकारी से यह जानने में मदद मिलेगी कि आकाशीय पिंड कैसे बनते हैं और उम्मीद है कि हम उस राज पर से भी पर्दा उठा सकेंगे कि कैसे ब्रह्मांड की उत्पति हुई। नासा के सहयोग से जेएएक्सए विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर प्रकाश की शक्ति, अंतरिक्ष में चीजों के तापमान और उनके आकार व चमक का पता लगाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार नये जापानी रॉकेट में 'स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून' अथवा स्लिम भी भेजा गया है। इसे चंद्रमा पर उतरने वाला एक हल्का लैंडर भी कह सकते हैं। स्मार्ट लैंडर को संभवतः अगले साल की शुरुआत में चांद की सतह पर उतारने का प्रयास किया जाएगा।

पंजाब को गौरवान्वित करना चाहता हूं: आयुष्मान

मुंबई,(आईएएनएस)। बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने कहा मैं पंजाबी हूं, और इस नाते मैं हमेशा अपने काम से पंजाब को गौरवान्वित करना चाहता हूं। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने कहा,एक पंजाबी होने के नाते, मैं हमेशा अपने काम से पंजाब को गौरवान्वित करना चाहता हूं और पंजाब के लोगों ने मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा, मेरी पहली फिल्म से, पंजाब ने मेरा हौसला बढ़ाया, हर मुश्किल वक्त में मेरा साथ दिया। चाहे कुछ भी हो, पंजाब ने हमेशा मेरा समर्थन किया है। मुझे उनसे बिना शर्त प्यार मिला है।

38 वर्षीय अभिनेता का कहना है कि उन्हें अपनी फिल्मों और गीतों के माध्यम से पंजाबी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। आयुष्मान ने कहा, मैं आज जो कुछ भी हूं, उनके आशीर्वाद, उनके समर्थन और उनकी प्रतिक्रिया के कारण हूं। मैं पंजाबी होने और अपनी कला के माध्यम से इसकी संस्कृति और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं।

ऑटिज्म ग्रस्त बच्चों को सीखने में मददगार रोबोट बनाया

कोलकाता (भाषा)। पश्चिम बंगाल के रहने वाले 62 वर्षीय एक सेवानिवृत्त अस्पताल कर्मी ने अपने खर्च पर ऐसा रोबोट बनाया है जो ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों को सीखने में मदद कर सकता हैं। यह रोबोट डेंगू जैसी बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने और यहां तक होटल-रेस्तरां में वेटर के रूप में भी काम कर सकता है।

हावड़ा शहर के रहने वाले अतनु घोष ने बताया कि उन्होंने रोबोट को डिजाइन करने की कला अपने पिता नृपेंद्र नाथ घोष से सीखी जो कलकत्ता विश्वविद्यालय के शारीरक्रियाविज्ञान (फिजियोलॉजी) विभाग में बतौर अनुसंधान उपकरण डिजाइनर के तौर पर काम करते थे। घोष ने 1979 में 18 साल की उम्र में अपना पहला रिमोट-नियंत्रित रोबोट डिजाइन किया था, जिसके लिए उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से प्रशंसा मिली थी। घोष ने कहा कि उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अपने अगले रोबोट 'कृति' को बनाया था जिसका इस्तेमाल मरीजों को दवा भिजवाने में किया गया।

उन्होंने कहा, 'मैंने 2023 में डॉक्टरों की देखरेख में ऑटिज्म ग्रस्त बच्चों को शब्द, रंग और आकार सीखने में सहायता करने के लिए 'ब्रावो' नामक एक और रोबोट बनाया। यह अपने डिस्प्ले के माध्यम से डेंगू जैसी बीमारियों के बारे में जागरुकता भी पैदा कर सकता है और वेटर के रूप में भी काम कर सकता है।' घोष ने बताया कि उन्होंने दोनों रोबोट अपने खर्च पर बनाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सरकार या उद्यमियों से वित्तीय सहायता मिलती है, तो वह लोक कल्याण के लिए ऐसे और रोबोट बना सकेंगे।

> यह रोबोट डेंगू जैसी बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने और यहां तक होटल-रेस्तरां में वेटर के रूप में भी काम कर सकता है

72 साल के हुए ममूटी

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। मल्यालम अभिनेता ममूटी ने बृहस्पतिवार को अपना 72वां जन्मदिन मनाया और इस मौके पर राजनीति और फिल्म जगत के लोगों तथा उनके प्रशंसकों ने अपने प्रिय 'ममूका' को सोशल मीडिया पर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने फेसबुक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अभिनेता को शुभकामना दी। राजनेताओं के अलावा सूरज वेंजरमोडु, उन्नी मुकंदन और सनी वायने जैसे अभिनेताओं ने भी ममूटी को सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं दीं। तीन राष्ट्रीय पुरस्कार, आठ राज्य व 13 फिल्म फेयर पुरस्कार, पद्म श्री और दो मानद डॉक्टरेट की उपाधियों से सम्मानित ममूटी ने अपनी अभिनय क्षमता को साबित किया है और फिल्म जगत में कई नए चेहरों के आने के बावजूद उनके प्रशंसक बड़ी संख्या में हैं।



एबॉट के 'डाइजिन जेल' का इस्तेमाल न करने की सलाह

■ अमेरिकी कंपनी की पाचक संवर्द्धन दवा है यह जेल ■ गोवा संयंत्र में बनी दवा अब वापस ले रही कंपनी

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी दवा कंपनी एबॉट की पाचन-संवर्द्धक दवा डाइजिन जेल का इस्तेमाल रोकने की सलाह दी है।

इस मामले में एबॉट ने अपने गोवा संयंत्र में निर्मित डाइजिन जेल की कई खेपों को वापस मंगाने की घोषणा भी की है। डीसीजीआई ने एक पत्र में कहा है कि डाइजिन जेल की मिंट फ्लेवर वाली दो बोतलों के स्वाद एवं रंग में अंतर पाए जाने की शिकायतें उपभोक्ताओं से मिली थीं।

इस बारे में एबॉट इंडिया लिमिटेड और वर्ना इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोवा ने नियामक को पत्र लिखकर सूचित किया कि कुछ विनिर्माण खेपों वाली दवा को वापस मंगाया जा रहा है। इसके अलावा उसने गोवा इकाई में डाइजिन जेल के सभी संस्करणों का उत्पादन स्वैच्छिक रूप से बंद करने की जानकारी भी दी थी।

डीसीजीआई ने अपने पत्र में कहा है कि रद्द की गई दवा का इस्तेमाल असुरक्षित हो सकता है और लोगों पर प्रतिकूल असर देखा जा सकता है।

इसके साथ ही औषधि नियंत्रक ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस दवा के चिकित्सकीय इमाल को बंद करने के बारे में मरीजों को सूचित करने की सलाह भी दी है। अगर किसी तरह का प्रतिकूल असर नजर आता है तो तत्काल उसकी जानकारी देने को कहा गया है।

यूपीआई पर बोलकर कर सकेंगे भुगतान

मुंबई (भाषा)।

एनपीसीआई ने यूपीआई पर नए भुगतान विकल्प पेश किए। इनमें बोलकर भुगतान करने की सेवा भी शामिल है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के उत्पाद पेश किए।

इस मौके पर एक उत्पाद 'हेलो यूपीआई' पेश किया गया, जिसमें ऐप, फोन कॉल और आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) उपकरणों के माध्यम से हिंदी और अंग्रेजी में आवाज से यूपीआई भुगतान किया जा सकता है। एनपीसीआई ने कहा कि यूपीआई पर 'क्रेडिट लाइन' सुविधा से ग्राहक को इसके माध्यम से बैंकों से पूर्व-स्वीकृत कर्ज लेने की सुविधा मिलेगी।

त्वरित भुगतान समाधान लाएगा आईएफएससी

■ मुंबई (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के चेयरमैन के राजारमण ने बुधवार को कहा कि प्राधिकरण त्वरित भुगतान समाधान सुनिश्चित करने में विनियमित इकाइयों की मदद के लिए जल्द ही नियम जारी करेगा।

राजारमण ने यहां ग्लोबल फिनटेक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण अगले छह महीनों में आईएफएससी एक्सचेंज पर कंपनियों की सूचीबद्धता के संबंध में अंतिम नियमों के आने की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हम भुगतान नियमों को जल्द, संभवतः अगले कुछ माह में लाने जा रहे है। इससे विनियमित इकाइयां भुगतान का त्वरित समाधान देने के लिए सेवाएं मुहैया करा पाएंगी।' फिलहाल इस तरह के भुगतानों का निपटान बैंकिंग प्रणाली के जरिये किया जाता है।

राजारमण ने कहा, 'हमारा मानना है कि इन नियामकीय बदलावों से हम गिफ्ट सिटी स्थित आईएफएससी में कुछ विदेशी कंपनियों के आने के लिए आधार बनाने में सफल होंगे।' आईएफएससी एक्सचेंजों पर कंपनियों की सूचीबद्धता के बारे में राजारमण ने कहा कि वित्त मंत्रालय की इस संदर्भ में अधिसूचना आने वाली है।

संक्षिप्त खबरें

IPO को 94 गुना अभिदान

नई दिल्ली। रत्नवीर प्रीसिजन इंजीनियरिंग के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को अंतिम दिन बुधवार को 93.96 गुना अभिदान मिल गया। आईपीओ को संस्थागत निवेशकों की जबर्दस्त मांग देखने को मिली। कंपनी स्टेनलेस स्टील वॉशर विनिर्माता और आपूर्तिकर्ता है। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनी के 1,17,88,000 शेयरों के आईपीओ के लिए 110.76 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिली हैं। आंकड़ों के अनुसार, गैर संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 135.20 गुना, खुदरा व्यक्तिगत निवेशक (आरआईआई) खंड को 53.95 गुना और पात्र संस्थागत खरीदारों के लिए आरक्षित हिस्से को 133.05 गुना अभिदान मिला है। कुल 1,68,40,000 शेयरों के आईपीओ के तहत 1,38,00,000 नए शेयर जारी किए गए हैं।

बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी

नई दिल्ली। रिलायंस रिटेल ने अभिनेत्री आलिया भट्ट द्वारा प्रवर्तित बच्चों (किड्स) और मातृत्व संबंधी कपड़ों के ब्रांड एड-अ-मम्मा की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के खुदरा परिचालन वाली कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) ने बयान में कहा कि उसका लक्ष्य ब्रांड एड-अ-मम्मा को गतिशील वृद्धि पथ पर ले जाना है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में कहा, 'यह संस्थापक आलिया भट्ट के साथ नजदीकी से सहयोग करेगी और कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए अपनी अनुषंगी रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड की प्रबंधन शक्ति का लाभ उठाएगी।'

पाकिस्तानी रुपया मजबूत

इस्लामाबाद। नकदी संकट से जूझ रहे देश के अधिकारियों ने राष्ट्रीय मुद्रा में गिरावट आने के बीच डालर की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है जिससे पाकिस्तानी रुपया मजबूत हुआ है। फॉरेक्स एसोसिएशन आफ पाकिस्तान के अनुसार, चार रुपए की बढ़त के बाद बुधवार को दौरान रुपया 313 प्रति डालर पर बिक रहा था, जबकि खुले बाजार में इसे 310 रुपये में खरीदा जा रहा था। एक्सचेंज कंपनीज़ एसोसिएशन ऑफ़ पाकिस्तान के अध्यक्ष मलिक बोस्तान ने कहा कि डालर के मूल्य में बदलाव 'काले बाज़ार' को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों की सख्त कार्रवाइयों के बाद हुआ है।

हिस्सेदारी नहीं लेगी टाटा

नई दिल्ली। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने स्पष्ट किया है कि वह 'हल्दीराम' में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है। कुछ खबरों के अनुसार, टाटा समूह की एफएमसीजी (दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं) इकाई हल्दीराम की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए उसके साथ बातचीत कर रही है। हालांकि, खबरों में कहा गया है कि ऊंचे उपक्रम मूल्य की वजह से अभी कोई बात नहीं बन पाई है। हल्दीराम स्नैक्स, नमकीन बनाने के साथ-साथ रेस्तरां क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है। टीसीपीएल ने शेयर बाजार को बताया, "कंपनी हल्दीराम का अधिग्रहण करने के लिए वार्ता नहीं कर रही है, जैसा कि खबरों में कहा जा रहा है।'(एजेंसी)

भारत ने 12 अमेरिकी उत्पादों से अतिरिक्त शुल्क हटाया

■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

भारत ने चना, दाल और सेब जैसे कुछ अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क हटा दिया है। भारत ने ये कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की देश की तीन दिवसीय यात्रा से पहले उठाया है।

ये अतिरिक्त शुल्क 2019 में कुछ स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों पर टैरिफ बढाने के अमेरिका के फैसले के जवाब में लगाए गए थे। भारत ने 2019 में 28 अमेरिकी उत्पादों पर ये शुल्क लगाया था। अमेरिकी उत्पादों पर इन शुल्कों को हटाने का निर्णय 5 सितम्बर को वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के माध्यम से लिया गया। इसमें कहा गया है कि चना, मसूर, सेब, ताजा या सूखे बादाम जैसे उत्पादों पर शुल्क हटा लिया गया है। यह कदम 9-10 सितम्बर को जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाइडन की भारत यात्रा से पहले उठाया गया। इससे पहले वह 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। जून में मोदी की अमेरिका की यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने छह डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) विवादों को समाप्त करने और कुछ अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिशोधात्मक शुल्क हटाने का फैसला किया था। समझौते के हिस्से के रूप में, भारत ने चना (10 प्रतिशत), दाल (20 प्रतिशत), ताजा या सूखे बादाम (7 रुपये प्रति किलोग्राम), छिलके वाले बादाम (20 रुपये प्रति किलोग्राम), अखरोट (20 प्रतिशत) और ताज़ा सेब (20 प्रतिशत) पर अतिरिक्त शुल्क हटा दिया।

■ भारत ने यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की तीन दिवसीय यात्रा से पहले उठाया

चीन की अर्थव्यवस्था पर बढ़ रहा है दबाव

■ हांगकांग (एपी)।

चीन के निर्यात और आयात दोनों में अगस्त में सालाना आधार पर गिरावट आई है। यह कमजोर वैश्विक मांग को दर्शाता है जिससे पहले से ही धीमी पड़ी उसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है।

बृहस्पतिवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में निर्यात सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत घटकर 284.87 अरब डॉलर रहा। आयात एक साल पहले की तुलना में 7.3 प्रतिशत घटकर 216.51 अरब डॉलर रहा। चीन का व्यापार अधिशेष 68.36 अरब डॉलर रहा, जो जुलाई में यह 80.6 अरब डॉलर था। चीन के नेताओं ने हाल के महीनों में अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कई नीतिगत उपाय किए, क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था उम्मीद से काफी पहले ही कमजोर पड़ गई है। अधिकारियों ने अभी तक बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन खर्च या व्यापक कर कटौती से परहेज किया है।

■ अगस्त में निर्यात व आयात में गिरावट

कैपिटल इकोनॉमिक्स के जूलियन इवांस-प्रिचर्ड ने एक रिपोर्ट में कहा, भविष्य की बात करते तो लगता है कि साल के अंत तक निर्यात के बेहतर होने से पहले.. इसमें गिरावट आएगी। चीन के व्यापार में पिछले दो वर्षों से धीरे-धीरे गिरावट आई है, हालांकि अगस्त में निर्यात तथा आयात में गिरावट जुलाई की तुलना में कम थी। अगस्त में निर्यात सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत, जबकि आयात 12.4 प्रतिशत कम रहा। सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में निर्यात एक साल पहले की तुलना में 17.4 प्रतिशत गिरकर 45 अरब डॉलर हो गया, जबकि अमेरिकी वस्तुओं का आयात 4.9 प्रतिशत घटकर करीब 12 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। रूस से चीन का आयात (ज्यादातर तेल और गैस) एक साल पहले से 13.3 प्रतिशत बढ़कर 11.52 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

BSE की बाजार पूंजीकरण 319 लाख करोड़ के शिखर पर

नई दिल्ली (भाषा)। देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तेजी के दौर में बृहस्पतिवार को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 319.10 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 385.04 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढत के साथ 66,265.56 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार पांचवां कारोबारी सत्र रहा। तेजी के इस दौर में सेंसेक्स कुल 1,434.15 अंक यानी 2.21 प्रतिशत तक उछल चुका है। इस दौरान बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण भी 9.50 लाख करोड़ रुपये बढ गया। इसके साथ ही इन कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढकर 3,19,10,019.04 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई की मझोली एवं छोटे आकार की कंपनियों में भी तेजी देखी गई है।

शेयर बाजार में 5वें दिन भी तेजी

■ मुंबई (भाषा)।

एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और एसबीआई के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में बढ़त का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स 66,000 अंक के स्तर को पार कर गया।

कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी स्थानीय बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 385.04 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 66,265.56 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के बीच सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में हुए नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,672.34 अंक के निचले और 66,296.90 अंक के ऊपरी स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 116 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की बढत के साथ 19,727.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो में 4.26 प्रतिशत की सर्वाधिक बढ़त रही। इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और विप्रो के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर टूट गए।

■ सेंसेक्स 385 अंक की छलांग से 66,000 अंक के पार

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार ने साप्ताहिक अनुबंध सौदों के अंतिम दिन भी तेजी जारी रखी और आधा प्रतिशत से अधिक की बढत में रहा। खासकर दिन के दूसरे हिस्से में चुनिंदा शेयरों में खरीदारी आने से तेजड़िये हावी रहे। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.79 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मॉलकैप में 0.40 प्रतिशत की तेजी रही।

महिलाएं बनाएंगीं 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी

नई दिल्ली। भारतीय महिलाओं में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता है। वे कई चुनौतियों के बावजूद करियर में सफलता की कहानी लिख रही है। सीआईआई कॉरपोरेट वीमेन लीडरशिप अवार्ड न केवल उनकी क्षमताओं का सम्मान है बल्कि कॉरपोरेट की दुनिया में इनोवेशन, विकास एवं सस्टेनेबिलिटी में महिलाओं के योगदान का भी प्रमाण है।' यह बात सीआईआई उत्तरी क्षेत्र की पूर्व चेयरपर्सन रुमझुम चटर्जी ने यहां आयोजित सीआईआई कॉरपोरेट वीमेन लीडरशिप अवार्ड्स के पहले संस्करण समारोह में कही। सीआईआई द्वारा आयोजित कॉरपोरेट महिला नेतृत्व पुरस्कारों के पहले संस्करण में 12 श्रेणियों में 221 नामांकनों में से विजेताओं को चुना गया। भव्य कार्यक्रम में समर्पण, दृढ़ता और शानदार प्रदर्शन के दम पर कारोबार की दुनिया में अनूठी छाप छोड़ने वाली महिलाओं को आर दिनेश सम्मानित किया।

■ CII ने कॉरपोरेट वीमेन लीडरशिप अवार्ड्स 2023 के विजेताओं की घोषणा की

पुरस्कार समारोह के बाद 'कॉरपोरेट जगत में महिलाएं' विषय पर पैनल चर्चा हुई। इसमें वक्ताओं ने 'बदलते आर्थिक परिदृश्य और बढ़ते विकास' पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन पहलु पर भी चर्चा हुई जिनसे भारतीय उद्योगों में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को कॉरपोरेट भूमिका एवं नेतृत्व में आने का मौका मिलेगा। चर्चा का संचालन स्वाति खंडेलवाल ने किया। पैनिलस्ट में एचडीएफसी लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर रेनू सूद कर्नाड, यूएन वीमेन इंडिया की कंट्री रिप्रजेंटेटिव सुजैन फर्ग्यूसन और आर दिनेश एवं रुमझुम चटर्जी शामिल रहीं। रुमझुम चटर्जी ने आगे कहा, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी एक जनादेश बनने जा रही है, इससे देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के बिना अर्थव्यवस्था लंबी छलांग नहीं लगा सकती। भारत में, महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है, उन्हें प्रमुख भूमिकाओं में शामिल करके कंपनियां खुद के साथ अर्थव्यवस्था की भी मदद कर सकती है।

सोमसुन्दरम ने किया पद छोड़ने का फैसला

■ वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल में भारत के सीईओ हैं पीआर सोमसुन्दरम

■ भारत में स्वर्ण क्षेत्र के सुधार के लिए सुन्दरम ने उठाए हैं कई कदम

मुंबई (भाषा)।

वश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के भारत में क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सोमसुंदरम पीआर अगले साल पद छोड़ देंगे।

डब्ल्यूजीसी ने बुधवार को बयान में कहा, सोमसुंदरम पीआर जनवरी, 2013 में डब्ल्यूजीसी में शामिल हुए और पिछले दशक के दौरान उन्होंने संगठित खुदरा आभूषण बाजार के विकास से लेकर अनिवार्य हॉलमार्किंग तक भारत के सोने के बाजार के कई संरचनात्मक सुधारों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सोमसुंदरम ने कहा, 'एक दशक से अधिक समय तक डब्ल्यूजीसी और भारतीय स्वर्ण उद्योग के साथ सफल जुड़ाव के बाद मेरा मानना है कि अब मेरे लिए अपने जीवन के अगले अध्याय पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पद छोड़ने का सही समय है। यह सोने और भारतीय स्वर्ण उद्योग के लिए रोमांचक समय है जहां इसमें सकारात्मक संरचनात्मक सुधार हुए है। मुझे इस बात पर बेहद गर्व है कि उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में कैसे प्रगति की है और डब्ल्यूजीसी ने इसमें योगदान देने में कैसे मदद की है।'

उन्होंने कहा, भारतीय उद्योग टिकाऊ विकास के लिए तैयार है और यह नवोन्मेषी और गतिशील बना रहेगा। उन्होंने कहा, 'मै अगले साल स्व-नियमन संगठन (एसआरओ) की स्थापना में शामिल रहूंगा, जिसके बारे में मेरा मानना है कि यह भारतीय स्वर्ण उद्योग के लिए परिवर्तनकारी कदम साबित होगा।' डब्ल्यूजीसी के वैश्विक सीईओ डेविड टैट ने कहा, 'सोमसुंदरम ने अपने कार्यकाल के दौरान सुधारों और पहल का सफलतापूर्वक नेतृत्व और समर्थन किया है जिससे भारतीय स्वर्ण बाजार की सतत वृद्धि हुई है। उन्होंने भारतीय स्वर्ण उद्योग के लिए एसआरओ की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'

वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में मजबूत हुआ भारत : हिंदुजा

नई दिल्ली (भाषा)।

अशोक लेलैंड के कार्यकारी चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता की वजह से भारत की ओर दुनिया का ध्यान और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जी20 कर अध्यक्षता की वजह से आज वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है।

हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड देश की दूसरी सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी है। चेन्नई मुख्यालय वाली 4.5 अरब डालर की कंपनी दुनिया में बस की चौथी सबसे बड़ी विनिर्माता और ट्रक की 19वीं सबसे बड़ी विनिर्माता है। हिंदुजा ने खास बातचीत में कहा कि देश के मौजूदा नेतृत्व ने भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया है।

ऋण वितरण मंच निजी हाथों में जाएगा

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, योजना पर चल रहा है विचार

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक बाधारहित ऋण वितरण मंच का परिचालन किसी निजी कंपनी को सौपने के बारे में विचार कर रहा है।

रिजर्व बैंक की पहल पर गठित इस मंच के जरिये बैंक 10 मिनट से भी कम समय में किसान क्रेडिट कार्ड जैसे कर्ज बांट रहे है। दास ने यहां ग्लोबल फिनटेक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस क्रेडिट वितरण पहल का नेतृत्व किया है और दैनिक आधार पर इस मंच के समन्वय से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा, 'इसके लिए राज्यों के राजस्व विभागों और उपग्रह डेटा से भूमि रिकॉर्ड तक पहुंचने जैसे बहु-एजेंसी समन्वय की जरूरत होती है।' गवर्नर ने कहा, "इसके पीछे सोच यह है कि हम इसे आखिर में एक खुला मंच बनाना चाहते है। हम धीरे-धीरे अलग हो जाएंगे और इसे एक निजी कंपनी को सुपुर्द कर देंगे। आरबीआई ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के मामले में भी यही किया था। यह एक खुला ढांचा होगा जिसमें कोई भी बैंक या एनबीएफसी शामिल हो सकता है।"

दास के मुताबिक, यह मंच निजी कंपनी को सौंपे जाने के बाद भी बैंक और गैर-बैंक वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) इसके जरिये अपनी ऋण वितरण गतिविधियां जारी रख सकते है। आरबीआई प्रमुख ने कहा कि सितंबर, 2022 में दो राज्यों के चुनिंदा जिलों में प्रायोगिक तौर पर इस मंच का इस्तेमाल शुरू हुआ था। पायलट परीक्षण में कुछ मिनटों में ही 1.6 लाख रुपये तक का गारंटी-रहित कर्ज वितरण होने लगा जबकि पहले छह सप्ताह का समय लग जाता था।

बीमा क्लेम को कैशलेस बनाने पर काम कर रहा इरडा

■ दावों के जल्द निपटान की व्यवस्था भी बना रहा नियामक ■ नकदी रहित दावों वाले मरीज भर्ती नहीं करते अस्पताल

मुंबई (भाषा)।

बीमा नियामक इरडा ने बुधवार को कहा कि स्वास्थ्य संबंधी दावों के शत-प्रतिशत नकदी रहित और जल्द से जल्द निपटान के लिए वह स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

फिलहाल नकदी-रहित दावा प्रक्रिया लंबी है और बीमा कंपनियां उपभोग्य सामग्रियों और अन्य मदों के नाम पर कुल बिल से 10 प्रतिशत या उससे अधिक की कटौती करती है। इसके साथ ही ज्यादातर अस्पताल नकदी-रहित दावों वाले मरीजों को भर्ती ही नहीं करते है।

यहां तीन दिन के 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' के दूसरे दिन भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) चेयरमैन देबाशीष पांडा ने कहा कि नियामक जल्द से जल्द 100 प्रतिशत नकदी-रहित दावा निपटान शुरू करने के लिए स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और बीमा परिषद के साथ काम कर रहा है। हालांकि, उन्होंने इसके लिए कोई निश्चित समयसीमा नही दी है।

उन्होंने कहा कि इरडा इसके लिए 'नेशनल हेल्थ एक्सचेंज' में अधिक अस्पतालों को शामिल करने के लिए बीमा परिषद और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ मिलकर काम कर रहा है। पांडा ने कहा कि इरडा बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा की बेहतर और किफायती सेवा देने के लिए बीमा कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक 'सभी को बीमा' के लिए अभियान पर उन्होंने कहा, 'हम लक्ष्य को समय से बहुत पहले हासिल करने के लिए काम करेंगे।'

दानिल मेदवेदेव
Javier Garcia/Shutterstock

मेदवेदेव और अल्कारेज चौथी बार सेमी में

यूएस ओपन: भीषण गर्मी के बीच दोनों टेनिस स्टार ने जीते अपने-अपने मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी। यूएस ओपन के सेमीफाइनल में शनिवार को रूस के दानिल मेदवेदेव और स्पेन के कार्लोस अल्कारेज के बीच रोचक भिड़ंत होने के आसार हैं।

तीसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने हमवतन आंद्रे रुबलेव को सीधे सेटों में 6-4,6-3,6-4 से हराकर चौथी बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है, जबकि दूसरी ओर अल्कारेज ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरिव जूनियर को 6-3,6-2,6-4 से हराकर अंतिम चार में अपना स्थान सुनिश्चित किया। 2021 यूएस ओपन चैंपियन एवं नंबर 3 वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने आठवीं वरीयता प्राप्त रुबलेव को हराया। तीन बार के यूएस ओपन चैंपियन और नंबर-2 सीड को गैरवरीय अमेरिकी बेन शेल्टन के खिलाफ सेमीफाइनल का सामना करना पड़ेगा।

कार्लोस अल्कारेज

इससे पहले भीषण गर्मी से परेशान मेदवेदेव ने मैच के दौरान 'इनहेलर' का उपयोग किया और चिकित्सक की मदद भी ली।

मैच के बाद उन्होंने कहा, कोर्ट में बेहद गर्मी है, जिसे सहन कर पाना एक चुनौती है। ऐसे हालात जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। मैं नहीं जानता कि ऐसी परिस्थितियों में हम क्या कर सकते हैं, क्योंकि शायद हम टूर्नामेंट को चार दिन के लिए नहीं रोक सकते हैं।

मुझे लगता है कि मैं बिल्कुल अलग खिलाड़ी हूं...

पिछले साल मैं किसी ग्रैंड स्लैम के अपने पहले सेमीफाइनल का सामना कर रहा था। अब मैं अपने चौथे मुकाबले का सामना कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं बिल्कुल अलग खिलाड़ी हूं। मुझे लगता है कि मैं अधिक परिपक्व हो गया हूं। मैं उन प्रकार के दबावों से बेहतर तरीके से निपटता हूं।

- कार्लोस अल्कारेज, स्पेनिश टेनिस स्टार

अलेक्जेंडर ज्वेरिव

कोलंबो में बारिश के चलते भारतीय टीम ने इंडोर नेट्स पर बहाया जमकर पसीना

एशिया कप: पाकिस्तान के खिलाफ 10 सितंबर को होने वाले मैच से पूर्व तैयारी जोरो पर

कोलंबो, एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ दस सितंबर को एशिया कप के सुपर चार चरण में मुकाबला करने के लिए भारतीय टीम नेट्स पर जमकर पसीना बहा रही है। कोलंबों में हो रही बरसात के चलते भारतीयों ने गुरुवार को इंडोर नेट्स पर अभ्यास किया। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाज़ी कोच विक्रम राठौर की अगुवाई में हार्दिक पंड्या, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल,केएल राहुल और शार्दुल ठाकुर ने जमकर पसीना बहाया। एशिया कप दल से जुड़ने के बाद केएल राहुल ने पहली बार नेट पर अभ्यास किया।

अभ्यास के दौरान राहुल सहज दिखे। उन्होंने अच्छी टाइमिंग के साथ कुछ बेहतरीन पंच और ड्राइव लगाए। राहुल ने इस साल मार्च में अपना आखिरी वनडे खेला था और आईपीएल के दौरान दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण उन्हें मई में सर्जरी से गुजरना पड़ा था। चोट से उबरने के बाद एशिया कप दल में उनका चयन हुआ था, लेकिन एक छोटी चोट के कारण उन्हें एशिया कप के ग्रुप मुकाबले से बाहर होना पड़ा था। 2019 विश्वकप के बाद से राहुल ने वनडे में 55.64 की औसत से रन बनाए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज़ के रूप में तो उनका औसत 97.61 का हो जाता है। हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज़ के रूप में इशान किशन ने भी पिछले चार वनडे मैचों में लगातार अर्धशतक बनाया है। इसके अलावा उनके नाम बांग्लादेश दौरे पर एक दोहरा शतक भी है। ऐसे में टीम प्रबंधन के सामने इनमें से किसी एक को चुनने की कड़ी चुनौती होगी। भारतीय टीम के प्रमुख चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कहा कि यह निर्णय कप्तान और कोच को लेना है।



ग्रेटेस्ट राइवलरी: वर्ल्डकप से महीने भर पहले ही पाक क्रिकेटर शोएब अख्तर ने शुरू किया माइंडगेम

मुंबई, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने यजुवेन्द्र चहल और अर्शदीप सिंह को विश्वकप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में जगह न देने पर आश्चर्य व्यक्त किया है।

स्टार स्पोर्ट्स पर ग्रेटेस्ट राइवलरी से पहले एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अख्तर ने कहा, उन्होंने चहल को कैसे नहीं चुना यह मेरे से परे है और फिर, मुझे लगता है कि अर्शदीप को टीम में होना चाहिए, क्योंकि दबाव में, जब आप पाकिस्तान जैसी किसी टीम के खिलाफ खेल रहे होते हैं, तो आपको बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की जरूरत होती है, लेकिन भारतीय टीम के साथ समस्या यह है कि जब वे 150 या 200 रन पर आउट हो जाते हैं तो गेंदबाजों को प्रदर्शन करना होगा। आप अपनी बैटिंग लाइन-अप को कब तक खींचेंगे। अगर पहले पांच बल्लेबाज कुछ नहीं कर सके तो नंबर 7 या नंबर 8 क्या करेगा। मैं सचमुच मानता हूं कि आप एक गेंदबाज कम के साथ खेल रहे हैं।

पाकिस्तान एक कम गेंदबाजी ऑलराउंडर के साथ खेल रहा है। हम भारत को 200 रन के अंदर आउट कर सकते थे। हमें बीच में अब्दुल रज्जाक जैसे किसी खिलाड़ी की कमी खल रही थी, जो सफलता दिला सकता था और हमें कुछ रन भी दे सकता था। अख्तर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारतीय टीम व्यवस्थित है, क्योंकि अब आप सभी को चोटें लगी हैं, तीन या चार लोगों को बदल दिया गया है। आपकी टीम अस्थिर लगती है। हम अभी भी नहीं जानते कि चार मुख्य बल्लेबाज कौन हैं और नंबर पांच पर कौन बल्लेबाजी करेगा, क्या विराट नंबर तीन या चार पर बल्लेबाजी करेंगे। हार्दिक पंड्या एक बार फिर भारत के लिए अहम साबित हुए।

आईसीसी वनडे वर्ल्डकप के लिए नीदरलैंड्स ने की टीम की घोषणा

अनुभवी वान डेर और एकरमैन टीम में शामिल

एम्स्टर्डम, एजेंसी। आईसीसी पुरुष क्रिकेट वनडे विश्वकप के लिए नीदरलैंड्स ने अनुभवी जोड़ी रूलोफ वान डेर मेरवे और कॉलिन एकरमैन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। भारत में अक्टूबर-नवंबर के दौरान खेले जाने वाले विश्वकप में 15 खिलाड़ियों की सूची में इन्हें शामिल किया गया है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वैन डेर मेरवे और एकरमैन दोनों नीदरलैंड की टीम के लिए भरपूर अनुभव लेकर आए हैं, जिसकी कप्तानी एक बार फिर स्कॉट एडवर्ड्स करेंगे, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप के दौरान अहम भूमिका निभाई थी। एकरमैन नीदरलैंड के लिए टूर्नामेंट में दूसरे प्रमुख रन-स्कोरर थे।

ICC MEN'S CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

नीदरलैंड्स टीम

स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), मैक्स ओ'डोड, बास डी लीडे, विक्रम सिंह, तेजा निदामानुरु, पॉल वैन मीकेरेन, कॉलिन एकरमैन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, रयान क्लेन, वेस्ले बर्रेसी, साकिब जुल्फिकार, शारिज अहमद, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट।

ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका को 3 विकेट से हराया

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को लो स्कोरिंग पहले वनडे मैच में 3 विकेट से हरा दिया। ब्लूमफोंटेन के मैंगॉन्ग ओवल मैदान पर पहले बैटिंग करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 222 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 40.2 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

कन्कशन सब्स्टिट्यूट प्लेयर मार्नस लाबुशेन ने 80 रन बनाए। उन्होंने 8वें विकेट के लिए एश्टन एगर के साथ 112 रन की पार्टनरशिप की और टीम को आसानी से जीत के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कप्तान तेम्बा बावुमा ने नॉटआउट 114 रनों की जुझारू शतकीय पारी खेली। इस जीत के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा वनडे इसी मैदान पर 9 सितंबर को खेला जाएगा।

पैसों के लिए गिड़गिड़ाया पाकिस्तान, पीसीबी ने एसीसी से मांगा मुआवजा

पाक क्रिकेट बोर्ड ने कहा- एशिया कप के मैच श्रीलंका में होने से हो रहा घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी। एशिया कप 2023 चल रहा है। इस बार यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के आधार पर श्रीलंका और पाकिस्तान में हो रहा है। इसी बीच इस टूर्नामेंट के श्रीलंका के साथ सहमेजबान पाकिस्तान फिर से गिड़गिड़ाने लगा है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप 2023 के मैच श्रीलंका में होने की वजह से हुए घाटे के लिए एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) से मुआवजे की मांग की है। हालांकि, पीसीबी ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि बोर्ड के अध्यक्ष जका अशरफ ने एसीसी के प्रमुख जय शाह को औपचारिक पत्र लिखकर मुआवजा देने की मांग की है। अशरफ ने इसके साथ ही श्रीलंका में मैचों के शेड्यूल तय करने को लेकर एसीसी के रवैये पर भी निराशा व्यक्त की है।

लास्ट मोमेंट पर बदले गए टूर्नामेंट के मैच

दरअसल, पीसीबी प्रमुख ने किसी का नाम लिए बिना पूछा है कि एसीसी बोर्ड के सदस्यों को विश्वास में लिए बिना अंतिम समय में मैच की वेन्यू को बदलने के फैसले के लिए कौन जिम्मेदार है? इस औपचारिक पत्र में कहा गया है कि पांच सितंबर की बैठक में दोनों मेजबान देशों और एसीसी सदस्यों ने यह फैसला किया था कि मैचों का आयोजन हम्बनटोटा में होना चाहिए, जिसके बाद श्रीलंका के मुख्य क्यूरेटर पिच तैयार करने के लिए वहां रवाना हो गए थे। यहां तक कि प्रसारण के लिए भी हम्बनटोटा में जरूरी व्यवस्थाएं की जाने लगी थीं। एसीसी ने इसकी पुष्टि करते हुए पीसीबी के लिए एक ईमेल भी भेजा था। अशरफ ने हैरानी जताई कि कुछ देर बाद पीसीबी से कहा गया कि वह इस मेल पर विचार ना करें और बाद में घोषणा कर दी गई कि मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही होंगे।

महिला क्रिकेट: इंग्लैंड को हरा श्रीलंका ने जीती टी20 सीरीज

डर्बी, एजेंसी। कप्तान चमारी अथापथु के दमदार नेतृत्व की बदौलत श्रीलंका ने टी-20 सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में मेजबान इंग्लैंड को हरा कर पहली बार श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर इतिहास रच दिया। अथापथु को उनके शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। श्रीलंकाई कप्तान ने तीन मैचों में न सिर्फ 114 रन बनाए, बल्कि गेंद से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए। श्रीलंका ने तीसरे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया। अथापथु ने इस मैच में इंग्लैड के तीन बहुमूल्य विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड को सिर्फ 116 रन पर समेटने में मदद मिली और फिर केवल 28 गेंदों में 44 रन का उत्कृष्ट योगदान देकर टीम की जीत को सुनिश्चित किया।

मालदीव के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के लिए भारत तैयार

सैफ अंडर-16 फुटबॉल

थिम्पू, एजेंसी। सैफ अंडर-16 के शुक्रवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल मुकाबले के लिए भारतीय टीम ने कमर कस ली है। टीम के मुख्य कोच इशफाक अहमद को भरोसा है कि टीम का प्रदर्शन स्तरीय होगा और सभी खिलाड़ी खिताबी मुकाबले के लक्ष्य को पाने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे। बांग्लादेश और नेपाल पर 1-0 की दो जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान के साथ साथ प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय शेरों को अधिक जोर लगाना पड़ा हालांकि नेपाल के खिलाफ मैच में टीम अनुशासित दिखी। अहमद ने कहा, लड़कों ने काफी सुधार दिखाया है और मुझे यह देखकर खुशी हुई कि उन्होंने वैसा ही खेला जैसा हम खेलना चाहते थे।

विजेता खिलाड़ियों को आज मिलेंगे पुरस्कार

कैप्टन रूपसिंह स्पोर्ट्स अचीवर्स अवॉर्ड-2023

भोपाल। कैप्टन रूपसिंह के 116वें जन्मदिन के अवसर पर द्वितीय कैप्टन रूपसिंह स्पोर्ट्स अचीवर्स अवॉर्ड 2023 का आयोजन एलएनसीटी विश्वविद्यालय जेके हॉस्पिटल कोलार रोड भोपाल ऑडिटोरियम में शुक्रवार 8 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से किया जा रहा है। इसके मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद ओलम्पियन एवं अर्जुन अवॉर्डी, विशिष्ट अतिथि समीर दाद ओलम्पियन एवं गोल्ड मेडलिस्ट एशियन गेम्स हॉकी, डॉ. अनुपम चौकसे प्रो. चांसलर एलएनसीटी विश्वविद्यालय एवं सचिव एलएनसीटी ग्रुप, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एनके थापक कुलपति एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल होंगे। इस कार्यक्रम में खेल जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही सत्र 2022 - 2023 में एलएनसीटी विश्वविद्यालय के जिन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी विभिन्न खेलों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया उन्हें क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 25000, दूसरे को 15000 एवं तीसरे स्थान वाले खिलाड़ी को 10000 रुपए नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रोत्साहन स्वरूप देकर सम्मानित किया जाएगा।

67वीं राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो में निशिका कुंडेलकर बनीं बेस्ट प्लेयर

भोपाल। बैतूल में हुई 67वीं राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में तास क्लब के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किया। क्लब की शिखा हवेलिया और विश्वाश प्रजापति ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि करण को सिल्वर मेडल मिला। वहीं निशिका कुंडेलकर ने भी स्वर्णिम सफलता अर्जित करने के साथ-साथ ही टूर्नामेंट की बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड भी जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्लब के ताइक्वांडो कोच आनंद, पि नाहिद अली, विस्वामित्र अवॉर्डी सुरेश श्रीवास्तव, पि शौकत अली, जोगेंद्र तिवारी, शंकर भोरे, संदीप सिंह, विवेक स्वामी आदि ने उन्हें बधाई दी है।

लांग जंपर मुरली डायमंड लीग में नहीं करेंगे शिरकत

चेन्नई, एजेंसी। एशियाई खेल 2023 की तैयारी पर अपना ध्यान केंद्रित करने इरादे से भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने अमेरिका के यूजीन में 16 और 17 सितंबर को होने वाली आगामी डायमंड लीग 2023 एथलेटिक्स के फाइनल से अपना नाम वापस ले लिया है। श्रीशंकर डायमंड लीग के फाइनल में क्वालीफाई करने वाले पहले लॉन्ग जंपर एथलीट हैं। ज्यूरिख डायमंड लीग में 7.99 मीटर की छलांग लगाकर 5वां स्थान हासिल करने वाले श्रीशंकर ने अविनाश साबले (3000 मी) और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा (भाला फेंक) के साथ यूजीन में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में जगह सुनिश्चित की थी।

वर्ल्ड कप में भारतीय स्क्वॉड को लेकर हरभजन सिंह का बयान, कहा- 'टीम में चहल और अर्शदीप की कमी'

भारत के पूर्व आफ स्पिनर हरभजन सिंह ने गुरुवार को कहा कि आगामी वनडे विश्व कप के लिये चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम में युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह की कमी खल रही है। चहल और अर्शदीप को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली जिसका ऐलान अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने मंगलवार को किया। हरभजन ने स्टार स्पोटर्स द्वारा कराई गई वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मुझे लगता है कि टीम में दो लोगों की कमी है। युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह। बायें हाथ का तेज गेंदबाज होने के नाते वह काफी उपयोगी रहता। उन्होंने कहा ,अगर वह शुरूआत में दो विकेट दिला देता। मैं यह नहीं कह रहा कि दाहिने हाथ के गेंदबाज ऐसा नहीं कर सकते लेकिन बायें हाथ के गेंदबाज का सटीक एंगल विकेट दिलाने में मददगार होता है। आस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क का उदाहरण देते हए उन्होंने कहा , आप देख सकते हैं कि शाहीन शाह अफरीदी और मिचेल स्टार्क कितने प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा ,जब आस्ट्रेलिया ने विश्व कप जीता तो मिचेल स्टार्क की अहम भूमिका रही। उन्होंने पहली ही गेंद पर ब्रेंडन मैकुलम को आउट किया। उस रफ्तार के साथ भीतर को आती हुई गेंद हमेशा चुनौतीपूर्ण होती है। हरभजन ने कहा ,चहल मैच विनर है। उसने किसी दूसरे स्पिनर से ज्यादा विकेट लिये हैं।वह किसी और देश के लिये खेल रहा होता तो हर समय अंतिम एकादश में होता। उन्होंने कहा , इतना सब कुछ साबित करने के बाद उसे टीम में होना चाहिये। मैं टीम प्रबंधन का अंग होता तो उसे जरूर चुनता। हम सभी चाहते हैं कि भारतीय क्रिकेट अच्छा करे। विश्व कप में ये खिलाड़ी असरदार होते। भारत को इन दोनों की कमी खलेगी। हरभजन के अनुसार सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम के एक्स फैक्टर हो सकते हैं। उन्होंने कहा , सूर्यकुमार पूरा पैकेज है। जिस क्रम पर वह बल्लेबाजी करता है , मुझे नहीं लगता कि भारत में उससे बेहतर उस क्रम के लिये कोई बल्लेबाज है। पांचवें या छठे नंबर पर वह जैसी बल्लेबाजी करता है, मुझे नहीं लगता कि विराट, रोहित या संजू भी कर सकते हैं।

मुम्बई में हर्षोल्लास से मनी जन्माष्टमी, दिखा दही हांडी उत्सव का जुनून

मुंबई के दादर में गुरुवार को जन्माष्टमी के अवसर पर दही से भरी हांडी को तोड़ने के लिए मानव पिरामिड बनाने से पहले भक्तों ने प्रार्थना की। दूसरे में दही हांडी को तोड़ते श्रद्धालु।

जब रावण-बाबर के अहंकार से सनातन नहीं मिटा, तो ये तुच्छ लोग क्या करेंगे : सीएम योगी

उदयनिधि पर बड़ा वार

लखनऊ, (ब्यूरो)। सनातन धर्म पर दी जा रहे विवादित बयानों से देश की राजनीति का पारा चढ़ गया है। इसी कड़ी में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन लोगों पर जमकर निशाना साधा है जिन्होंने सनातन की तुलना रोग से की है। योगी ने कहा कि जिसने सनातन धर्म को चुनौती दी वो मिट गया। बाबर-औरंगजेब का अत्याचार भी सनातन धर्म को नहीं मिटा पाया। विरोध करने वाले भूल गए हैं कि रावण के अहंकार, बाबर और औरंगजेब भी हार गए। ऐसे में ये तुच्छ लोग कहां से सनातन को मिटा पाएंगे। योगी ने यह तक कह दिया कि ये लोग अपनी मूर्खता से सूर्य पर थूकने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह नहीं पता है वह थूक उन्हीं के ऊपर गिरेगा।

सनातन का कुछ नहीं कर पाएंगे: दरअसल, योगी आदित्यनाथ ने यह सब उस दौरान कहा है जब वे कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश सकारात्मक दिशा में बढ़ रहा तब कुछ लोगों को ये अच्छा नहीं लग रहा है। उन्होंने कहा कि ये तुच्छ लोग सनातन का कुछ नहीं कर पाएंगे। रावण, हिरण्याकश्यप और कंस ने चुनौती दी थी। लेकिन उनका सबकुछ मिट गया, कुछ नहीं बचा। पर ईश्वर बचा और आज भी है। सनातन धर्म सत्य है कभी नहीं मिट सकता है।

करारा जवाब दिया जाना चाहिए

योगी का यह बयान तब आया है जब पीएम मोदी ने मंत्रियों की बैठक में निर्देश दिया कि सनातन विवाद पर पूरी तैयारी से करारा जवाब दिया जाना चाहिए। पूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब पिछले दिनों तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के द्वारा पिछले दिनों दिए गए सनातन धर्म पर विवादित बयान के बाद देशभर में माहौल गर्म हो गया है। इतना ही नहीं इस बीच उन्हीं की पार्टी के नेता ए राजा उनसे कुछ और कदम आगे निकल गए और उन्होंने भी विवादित बयान दे दिया है।

विश्वनाथ धाम में दर्शन और चढ़ावे के रिकॉर्ड टूटे

वाराणसी, (ब्यूरो) श्री काशी विश्वनाथ धाम धार्मिक पर्यटन के लिहाज से देश में मोस्ट फेवरेट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। यही कारण है कि श्रावण मास में यहां इस वर्ष सभी रिकॉर्ड धराशायी हो गए। अधिकृत सूत्रों के अनुसार इस वर्ष श्रावण माह में कुल एक करोड़ 63 लाख 17 हजार भक्तों ने बाबा भोलेनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इतना ही नहीं, श्रद्धालुओ ने दिल खोलकर बाबा पर खूब चढ़ावा भी चढ़ाया। पिछले सावन के मुकाबले इस वर्ष सावन में बाबा को भक्तों ने पांच गुना ज्यादा चढ़ावा चढ़ाया है। श्री काशी विश्वनाथ धाम के सीईओ सुनील वर्मा ने जानकारी दी कि 2023 के श्रावण माह में कुल 16.89 करोड़ रुपए का चढ़ावा आया है जबकि 2022 के सावन महीने में तीन करोड़ 40 लाख 71 हजार 65 रुपए का चढ़ावा आया था।

पाकिस्तान में मुठभेड़ में 12 आतंकी हुए ढेर

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को सरकारी सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए संघर्ष में चार सैनिक और 12 आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यहां जारी बयान में कहा कि यह चित्राल जिले में आधुनिक हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह द्वारा पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के करीब दो सैन्य चौकियों पर हमले से यह संघर्ष हुआ। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को भारी नुकसान पहुंचाया है और सुरक्षाबलों ने संघर्ष में बचे हुए आतंकवादियों के खात्मे के लिए इलाके की तलाशी अभियान शुरु किया है। गौरतलब है कि आतंकी विरोध अभियान के तहत सेना कई स्थानों पर कार्रवाई कर रही है।

पुंछ से हथियार, बारूद और रसद की खेप पकड़ी

जम्मू, (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले के मंडी क्षेत्र से रसद सामग्री के साथ हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। एक रक्षा प्रवक्ता ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम करने और नियंत्रण रेखा के करीब पुंछ जिले के मंडी के पास दो आतंकवादियों को ढेर करने के बाद, सेना और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने इलाके में एक तलाशी अभियान के दौरान कई बरामदगी की। बरामदगी में एक एके 47, चार एके 47 मैगजीन, एक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 44 पिस्तौल गोला बारूद, एक ग्रेनेड, एक दूरबीन, एक नाइट विजन डिवाइस, एक थैली, जूते की जोड़ी, दो पतलून, दस्ताने की जोड़ी शामिल है। दो जैकेट, एक विंड चीटर, एक शॉल, इनर का एक सेट, दो मफलर, छह जोड़ी मोजे, एक घुटने की टोपी, दो रूकसैक बैग, दो चलने की छड़ी, एक सिरिंज, एक चिंदी के साथ पुल थ्रू भी बरामद किया गया।

आज का इतिहास

- **1320:** गाजी मलिक दिल्ली का सुलतान बना।
- **1900:** टेक्सास के गैलवेस्टोन में चक्रवाती तूफान, 6000 लोगों की मौत।
- **1926:** महान संगीतकार एवं गायक भूपेन हजारिका का जन्म।
- **1933:** हिन्दी फिल्मों की मशहूर पार्श्वगायिका आशा भोंसले का जन्म।
- **1933:** गाजी बिन फैसल इराक का राजा बना।
- **1942:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुंबई) सत्र में 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' पारित किया।
- **1943:** द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान इटली ने मित्र सेना के साथ बिना शर्त युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1960:** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी का निधन।
- **1962:** चीन ने भारत की पूर्वी सीमा में घुसपैठ की।

कोरोना ने फिर दुनिया को डराया तेजी से बढ़ रहा मौत का आंकड़ा

एशिया, मिडिल ईस्ट के देश सबसे आगे, डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से डेटा मांगा

● नई दिल्ली

डब्ल्यूएचओ ने दुनियाभर में कोरोना के केस और वायरस से मौत का आंकड़ा बढ़ने की पुष्टि की है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने इसके लिए सभी देशों से कोविड-19 से जुड़ा पूरा डेटा शेयर करने की अपील की है। डब्ल्यूएचओ के डायरेक्टर जनरल टेड्रोस अधनोम घेब्रेसियस ने कहा- यूरोप में कोरोना की वजह से भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है, जबकि एशिया और मिडिल ईस्ट में मौत के आंकड़ों में इजाफा हुआ है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, केवल 43 देश ही कोविड से होने वाली मौत के आंकड़े साझा कर रहे हैं। वहीं सिर्फ 20 देश ऐसे हैं जो भर्ती हुए मरीजों से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं। संगठन ने बताया कि फिलहाल दुनिया में कोई भी एक वैरिएंट ऐसा नहीं है जो सबसे तेजी से फैल रहा हो। हालांकि, श्वत.5 ओमिक्रॉन बढ़ रहा है और क्क2.86 सब-वैरिएंट के 11 देशों में केस मिले हैं। घेब्रेसियस ने कहा- भर्ती हुए मरीजों और मौत का आंकड़ा इस बात का सबूत है कि कोरोना अब हमारे बीच में ही रहने वाला

है और हमें इसका मुकाबला करने के लिए तैयार रहना होगा। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि नॉर्दर्न हेमिस्फियर में ठंड आ रही है। ऐसे में कोरोना के मामले बढ़ सकते हैं। इसी वजह से अस्पतालों में कोविड मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

एरीस 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित

करीब 1 महीने पहले डब्ल्यूएचओ ने ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट श्वत.5 या एरीस के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया था। जुलाई के मध्य में मिले कोरोना के मामलों में से 17 प्रतिशत केस इसी वैरिएंट के थे। ये जून की तुलना में 7.6 प्रतिशत ज्यादा थे। एरीस वैरिएंट का केस 31 जुलाई को ब्रिटेन में सामने आया था।

मई में कोरोना को ग्लोबल इमरजेंसी से हटाया गया था

डब्ल्यूएचओ ने इस साल मई में कोरोना को ग्लोबल इमरजेंसी से हटा दिया गया था। हालांकि, डब्ल्यूएचओ के गवर्नर जनरल ने कहा था कि कोरोना भले ही अब ग्लोबल इमरजेंसी नहीं है, लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि इससे अब कोई खतरा नहीं है। दुनिया में अगली महामारी जरूर आएगी और ये कोविड-19 से भी ज्यादा खतरनाक हो सकती है। ऐसे में हमें अभी से तैयारी करनी होगी।

जापान ने अपने पहले चंद्र मिशन को किया लॉन्च

टोक्यो, (एजेंसी)। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने अपना पहले चंद्र मिशन को एच-2ए वाहक रॉकेट 47 से एक्स-रे इमेजिंग तथा स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन (एक्सआरआईएसएम) नामक उपग्रहों के साथ तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से गुरुवार को प्रक्षेपित किया।

जाक्सा ने इससे पहले इस प्रक्षेपण को 26 अगस्त के लिए निर्धारित किया गया था लेकिन खराब मौसम के कारण इसे दो बार स्थगित करना पड़ा था।

जापान के लैंडर के तीन-चार महीने में चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने और चार-छह महीने में उसकी स्तर पर उतरने की संभावना है। मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज चंद्र मॉड्यूल विकसित करने के लिए जॉक्सा के साथ काम कर रही है ताकि लैंडिंग कराने की योजना सफल रहे। यदि लैंडिंग सफल रही, तो इस अभियान के डेटा का उपयोग चंद्रमा और मंगल मिशन की अमेरिका के आर्टेमिस के लिए तैयारियों में किया जाएगा।

आदित्य एल-1 ने अंतरिक्ष से लीं चांद और पृथ्वी की शानदार तस्वीरें



नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत के पहले सौर मिशन आदित्य एल-1 के सूरज के करीब पहुंचने से पहले इसरो ने इसके कैमरों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसी के तहत चार सितंबर को इसरो ने आदित्य एल-1 से पृथ्वी और चांद की दो खूबसूरत तस्वीरें ली हैं। इसरो ने गुरुवार को इन तस्वीरों को साझा किया है। इसरो ने एक्स पर अपने पोस्ट में आदित्य एल-1 को ताकाझांकी करने वाला करार दिया है।इतना ही नहीं आदित्य एल-1 ने अपनी एक सेल्फी भी ली है। वीडियो में इसरो ने इस सेल्फी को भी साझा किया, जिसमें आदित्य एल-1 के वेल्क और सूट को दिखाया गया है।

इसरो ने बताया- यह ताकाझांकी करने वाला

मिशन का लक्ष्य: आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करने वाला मिशन है। इसके साथ ही इसरो ने इसे पहला अंतरिक्ष आधारित वेधशाला श्रेणी का भारतीय सौर मिशन कहा है। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंजियन बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित करने की योजना है जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है। दरअसल, लैग्रेंजियन बिंदु वे हैं, जहां दो वस्तुओं के बीच कार्य करने वाले सभी गुरुत्वाकर्षण बल एक-दूसरे को निष्प्रभावी कर देते हैं। इस वजह से एल1 बिंदु का उपयोग अंतरिक्ष यान के उड़ने के लिए किया जा सकता है। सौर मिशन आदित्य एल-1 सौर कोरोना (सूर्य के वायुमंडल का सबसे बाहरी भाग) की बनावट और इसके तपने की प्रक्रिया, इसके तापमान, सौर विस्फोट और सौर तूफान के कारण और उत्पत्ति, कोरोना और कोरोनल लूप प्लाज्मा की बनावट, वेग और घनत्व, कोरोना के चुंबकीय क्षेत्र की माप, कोरोनल मास इजेक्शन (सूरज में होने वाले सबसे शक्तिशाली विस्फोट जो सीधे पृथ्वी की ओर आते हैं) की उत्पत्ति, विकास और गति, सौर हवाएं और अंतरिक्ष के मौसम को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन करेगा।

भाजपा आईटी सेल प्रमुख के खिलाफ मामला दर्ज

उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को कथित रूप से तोड़-मरोड़कर पेश किया गया

तिरुचिरापल्ली, (एजेंसी)। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर की पुलिस ने सनातन धर्म पर तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को कथित रूप से तोड़-मरोड़कर पेश करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के राष्ट्रीय संयोजक अमित मालवीय के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

श्री मालवीय ने हाल ही में एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि श्री उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना मलेरिया और डेंगू से की है और उनका मानना है कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए न कि केवल इसका विरोध करना चाहिए।

संक्षेप में, वह (उदयनिधि) सनातन धर्म का पालन करने वाली भारत की 80 प्रतिशत आबादी के नरसंहार की बात कर रहे हैं। तिरुचिरापल्ली दक्षिण जिले में द्रमुक अधिवक्ता शाखा के आयोजक के. ए. वी. दिनाकरन ने तिरुचिरापल्ली के पुलिस आयुक्त से की गई शिकायत में कहा कि श्री

उदयनिधि ने सनातन धर्म पर अपनी टिप्पणी पर स्पष्टीकरण दे दिया है इसके बावजूद भाजपा नेता ने दो समूहों के बीच हिंसा और घृणा भड़काने, सांप्रदायिक सद्भाव को कमजोर करने और राजनीतिक उद्देश्य के लिए जानबूझकर उनके भाषण को तोड़-मरोड़कर पेश किया।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि उनकी शिकायत के आधार पर शहर की अपराध शाखा पुलिस ने श्री मालवीय के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153, 153 (ए), 504, 505 (1) (बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। इस बीच, मदुरै साइबर अपराध शाखा पुलिस ने अयोध्या के तपस्वी छावनी मंदिर के मुख्य पुजारी संत रामचंद्र दास परमहंस आचार्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वंदेभारत एक्सप्रेस का इंजन फेल प्लेटफॉर्म से पहले अचानक रुकी ट्रेन

आगरा। देश की सबसे सुपरफास्ट ट्रेनों में शुमार वंदे भारत का इंजन गुरुवार को आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर फेल हो गया। ट्रेन बंद होने से गाड़ी के गेट भी ऑटोमेटिक बंद हो गए। इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे की टेक्निकल टीम पहुंची। गाड़ी की खराबी को ठीक किया गया। इससे करीब 7 से 8 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका।भोपाल के कमलापति रेलवे स्टेशन से गुरुवार सुबह वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली हरजत निजामुद्दीन स्टेशन के लिए रवाना हुई। सुबह करीब 11.07 पर आगरा पहुंची, लेकिन आगरा कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से पहले ही ट्रेन में इलेक्ट्रॉनिक फॉल्ट हो गया और ट्रेन रुक गई। इससे यात्रियों के कोच के दरवाजे भी ऑटोमेटिक लॉक हो गए। इससे यात्रियों की टेंशन बढ़ गई। सिक्योरिटी टीम ने संदेश भेजा और फिर इंजीनियरों की टीम ने इसे ठीक किया। पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि गाड़ी के अंदर ऑटोमेटिक सिक्योरिटी डिवाइस लगी है।

विजिलेंस डिवाइस हुआ ऑटोमेटिक एक्टिव

आगरा कैंट स्टेशन पहुंचने से पहले गाड़ी में लगी विजिलेंस डिवाइस ऑटोमेटिक एक्टिव हो गई। इस वजह से गाड़ी का इंजन ऑटोमेटिक बंद हो गया था। इससे गाड़ी में ऑटोमेटिक स्टॉपेज हो गया। जब गाड़ी स्टेशन से पहले रुक गई और कोच के दरवाजे भी ऑटोमेटिक लॉक हो गए। इससे यात्रियों की सांसे अटक गई। पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें 11 बजकर 07 मिनट पर इसकी जानकारी हुई और गाड़ी को ठीक करने में 7 मिनट का वक्त लगा था। 11.14 पर ट्रेन का गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। उन्होंने कहा है कि इस तकनीकी समस्या की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इधर मवेशी से टकराई वंदे भारत एक्सप्रेस, डेढ़ घंटे तक रुकी रही ट्रेन

रांची। पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल स्थित बरकाकाना-कोडरमा रेल लाइन के कुजू ओवरब्रिज के समीप ट्रेन संख्या (22349) पटना- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मवेशी से टकरा गई। ट्रेन के पहिए के नीचे भैंस के फंस जाने से कुजू ओपी क्षेत्र के नयामोड़-गिद्दी हिरक मार्ग पुल के नीचे रेलवे लाइन के पास ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक फंसी रही। टक्कर में ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना के बाद ट्रेन करीब डेढ़ घंटे लेट से दोपहर 01.08 बजे बरकाकाना स्टेशन पहुंची। जहां आवश्यक जांच के बाद ट्रेन दोपहर 01.22 बजे बरकाकाना से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई।पटना- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मवेशी की मौत : गुरुवार सात सितंबर, 2023 को ट्रेन संख्या (22349) पटना- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। टकराने के दौरान मवेशी ट्रेन के पहिए के नीचे फंस गई। जिसके कारण करीब डेढ़ घंटे तक वंदे भारत ट्रेन रुकी रही। बाद में कर्मियों द्वारा काफी मशक्कत के बाद ट्रेन के पहिए में फंसे मवेशी के शव को बाहर निकाला गया।

सरयू में जटायु क्रूज सेवा की आज से शुरुआत

अयोध्या, (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सरयू नदी पर क्रूज की सवारी शुक्रवार से शुरू होगी। स्थानीय नगर निगम ने 8 सितंबर से नयाघाट और गुप्तारघाट के बीच नयाघाट से गुप्तारघाट के बीच मंदिरों का भ्रमण 'जटायु' क्रूज सेवा चलाने के लिए एक निजी एजेंसी को हरी झंडी दे दी है। शुक्रवार शाम को इस सेवा को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई जाएगी।

नयाघाट से गुप्तारघाट के बीच मंदिरों का भ्रमण

रामायण थीम पर तैयार, जटायु को इस तरह से चित्रित किया गया है, ताकि महाकाव्य के लोकप्रिय प्रसंगों को प्रदर्शित किया जा सके।

अयोध्या ननि आयुक्त विशाल सिंह ने कहा कि क्रूज़ की सवारी करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सावधानियां बरती गई हैं। सेवा संचालित करने वाली कंपनी के एमडी राहुल शर्मा ने कहा कि दोनों घाटों के बीच राउंड ट्रिप के लिए 300 रुपये शुल्क लिया जाएगा। पूर्णतः वातानुकूलित जटायु क्रूज नाव की क्षमता 100 लोगों की होगी और यह सरयू नदी में शहर के लोकप्रिय घाटों और मंदिरों का भ्रमण कराएगी।

जानवरों की हत्या से हिमाचल में लैंडस्लाइड

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मंडी स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) के डायरेक्टर लक्ष्मीधर बेहरा ने प्रदेश में लैंडस्लाइड होने की अजीबो-गरीब वजह बताई है। उन्होंने कहा कि जानवरों की हत्या के कारण हिमाचल में लैंडस्लाइड हुए। निर्दोष जानवरों को काटना बंद करना होगा। यह बात उन्होंने कब और कहां कही। अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई, लेकिन उनका ये बयान सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, इस वीडियो में वह बच्चों को मांस नहीं खाने की भी शपथ दिला रहे हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए बेहरा ने कहा कि अच्छे इंसान बनने के लिए आपको क्या करना होगा? मांस न खाएं। आप हिमाचल में निर्दोष जानवरों को काट रहे हैं। इसका पर्यावरण से भी संबंध है।

आईआईटी डायरेक्टर का अजीब तर्क

यूएस नागरिकता के लिए 134 साल वेटिंग

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अमेरिकी नागरिकता पाने के लिए सबसे ज्यादा क्रेजी भारतीय हैं। यहां रोजगार आधारित नागरिकता के लिए करीब 18 लोगों की एप्लीकेशन पेंडिंग हैं जिनमें से 11 लाख भारत से हैं। अमेरिका में प्रवासी लोगों को स्थायी निवास के लिए ग्रीन कार्ड या स्थायी निवासी कार्ड दिया जाता है। इसे पाने के लिए लाखों लोगों ने आवेदन किया हुआ है। इसको लेकर अमेरिकी थिंक टैंक कैटो इंस्टीट्यूट ने कई तथ्यों को उजागर किया है। उसका दावा है कि यह वेटिंग 134 साल तक की होगी। इसमें ऐसी आशंका है कि 4 लाख भारतीय ऐसे भी होंगे जो इंतजार करते ही रह जाएंगे, लेकिन ग्रीन कार्ड मिलने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी होगी। अमेरिका ने अपने वीजा नियमों को और कड़े किया है; फिर भी यहां की नागरिकता लेने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है।

कतार में हैं 11 लाख भारतीय

Filmi तड़का

शाहरुख की फिल्म जवान ने पठान का तोड़ा रिकॉर्ड, ओपनिंग-डे पर 75 करोड़ कमाए

मुंबई। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की एक्शन से भरपूर फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसे दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स का ढेर सारा प्यार मिला। सभी ने एसआरके की फिल्म को सुपरहिट और फुल पैसे वसूल बताया। फैंस ने थियेटर्स के बाहर जमकर डांस किया और पटाखे फोड़े। शाहरुख खान और नयनतारा स्टारर जवान अब तक की सबसे बड़ी बॉलीवुड ओपनर बनकर बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब रही है। इसने पठान के ओपनिंग डे के बिजनेस को भी तोड़ दिया है। बता दें कि एसआरके की पठान ने पहले दिन 57 करोड़ की कमाई की थी। सचनिक की रिपोर्ट की मानें तो जवान ने ओपनिंग डे पर 75 करोड़ की कमाई की है। हालांकि ये शुरुआती आंकड़े है और इसमें बदलाव हो सकते हैं। हिंदी संस्करण के लिए सुबह के शो में 46 फीसदी ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई, जिसके दिन के दौरान बढ़ने की उम्मीद है।

जावेद अख्तर ब्रिटेन में डॉक्टरेट से सम्मानित

नई दिल्ली। बॉलीवुड में अपनी लिखी गई कविताओं, गीतों और कहानियों के लिए पहचाने जाने वाले जावेद अख्तर को पसंद करने वाले देश में ही नहीं विदेश में भी हैं। जावेद अख्तर को लंदन के एक विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। गीतकार, कवि और स्क्रिप्ट राइटर जावेद अख्तर को लंदन विवि के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज में एक समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। जावेद अख्तर को एक लेखक के रूप में उनके रचनात्मक प्रयासों और एक कार्यकर्ता के रूप में सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। समारोह में डॉ. अख्तर के साथ उनकी पत्नी अभिनेत्री शबाना आजमी और बेटे फरहान अख्तर भी मौजूद थे।

प्रशासन की खुली आंख, लंपी डिजीज के नियन्त्रण एवम निगरानी हेतु डीएम ने की बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में लम्पी स्किन डिजीज के नियन्त्रण एवं निगरानी हेतु वर्चुवल बैठक ली गयी। बैठक के दौरान लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम हेतु दिशा निर्देश देते हुए बताया कि यह एक वायरल बीमारी है जो कैप्रीपाक्स नाम वायरस से होती है। इस बीमारी से मुख्यतः गोवंशीय पशु प्रभावित होते है। इस बिमारी के रोक थाम हेतु विशेष सर्तकता बरतते हुए टीकाकरण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने वर्चुवल बैठक के दौरान पशुओ में होने वाले लम्पी स्कीन डिजीज के लक्षण, रोग का प्रसार, उपचार एवं निवारण, रोग के प्रकोप के समय क्या करे क्या न करे की जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी इस बिमारी से पशुओ को तेज बुखार, ऑख व नाक से पानी गिरना, पैरों में सूजन, पूरे शरीर में कठोर एवं चपटी गॉठ उभर आना, गाभिन पशुओ का गर्भपात, दुधारू पशुओ आदि प्रकार के लक्षण पाये जाते है। कभी-कभी सम्पूर्ण शरीर की चमड़ी विशेष रूप से सिर, गर्दन, थूथन, थनों गुदा व अंडकोष या योनिमुख के बीच के भाग पर गॉठो के उभार बन जाते है तथा पूरा शरीर गॉठो से ढक जाता है। रोग का प्रसार रोग का विषाणु, बीमार पशु के लार, नासिक स्राव, दूध एवं वीर्य में पाये जाते है। बीमार पशु के सीधे सम्पर्क में आने से या रोगग्रस्त पशु के स्राव से प्रदूषित चारा, पानी खाने से स्वस्थ पशु बीमार हो सकता है। मुख्यतः मच्छरों, मक्खियों, किलनी आदि जैसे खून चूसन वाले कीड़ो के काटने से यह रोग बहुत तेजी से फैलता है। टीकाकरण एवं इन्जेक्शन के दौरान दूषित सुईयों के प्रयोग से यह रोग अन्य पशुओं में फैल सकता है। लक्षण दिखायी देने पर तत्काल निकट के पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करें। बुखार की स्थिति में पशु चिकित्सक की सलाह से ज्वर नाशक यथा पैरासीटामॉल एवं एन्टीबायोटिक आदि औषधियों का प्रयोग करें।

रोग प्रकोप के समय क्या करें ?- सर्वप्रथम निकटतम पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करें। प्रभावित पशु को स्वस्थ पशु से अलग करें। पशुओं को सदैव साफ पानी पिलायें। पशुओं को मच्छरों, मक्खियों, किलनी, आदि से बचाने हेतु पशुओं के शरीर पर कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें। बीमार पशुओं की देखभाल करने वाले व्यक्ति को भी स्वस्थ पशुओं के बाड़े से दूर रहना चाहिये।

रोग प्रकोप के समय क्या ना करें ?- बीमार एवं स्वस्थ पशुओं को एक साथ चारा-पानी न कराये। प्रभावित क्षेत्रों से पशु खरीद कर न लायें। यदि किसी पशु की मृत्यु होती है, तो शव को खुले में न फेंके एवं वैज्ञानिक विधि से दफनायें। रोगी पशु के दूध को बछड़े को न पिलायें।

जनपद स्तर पर इस बीमारी के निगरानी हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसके प्रभारी डा0 जमालुद्दीन अंन्सारी पशु चिकित्साधिकारी गौरी, गाजीपुर बनाये गये है, जिनके मोबाइल नम्बर 9839430932 है। इसके अतिरिक्त जनपद में विकास खण्ड स्तरीय 16 निगरानी टीमो का गठन किया गया है जिसके प्रभारी सम्बन्धित विकास खण्ड स्तरीय पशु चिकित्साधिकारी बनाये गये है। निगरानी टीमो द्वारा प्रतिदिन ग्रामो का भ्रमण कर सूचना कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध करायी जा रही है। लम्पी स्किन डिजीज से प्रभावित पशुओ का सेग्रीगेशन कर नियमित चिकित्सा उपलब्ध करायी जा रही है। वर्चुवल बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पी डी, समस्त पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त ई0ओ0 नगर पालिका/पंचायत, एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

साइकिल यात्रा सातवें दिन पहुंची मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के मल्हनी बाजार

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विवेक यादव के नेतृत्व में चल रहे लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साईकिल यात्रा सातवें दिन मंल्हनी विधानसभा क्षेत्र के मंल्हनी बजार से विधायक लकी यादव के अगुवाई में रवाना हुआ वहीं साईकिल यात्रियों को संबोधित करते हुए विधायक लकी यादव ने कहा है कि देश परिवर्तन चाहता है घोसी की जनता ने बड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है अब देश में इंडिया गठबंधन भाजपा को हराने जा रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों और फैसलों से किसान, नौजवान, मजदूर और गरीब नाराज हैं। भाजपा ने गरीबों की उम्मीदों को तोड़ा है। भाजपा गरीबों को गुलाम बनाये रखना चाहती है। कहा कि भाजपा सरकार के पास बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का कोई जवाब नहीं है पूरे देश की जनता को लूटा। अब चुनाव सामने देखकर गैस सिलेण्डर की कीमतों में सिर्फ 200 रुपये की कमी की है। डीजल-पेट्रोल समेत खाने पीने की चीजें तेल और दाल की कीमतों में महंगाई आसमान पर है। उन्होंने कहा कि यह सरकार मध्यम वर्ग और गरीबों की जेब काट कर पूंजीपतियों की तिजोरी भर रही है। गरीबों को धोखा दे रही है।कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से झूठे वादे किये हैं। आज पढ़े-लिखे नौजवानों के हाथ में नौकरी और रोजगार नहीं है। गांवों में बड़े पैमाने पर नौजवान बेरोजगार हैं। भाजपा सरकार बेरोजगारी पर झूठे आंकड़े देती है। वहीं निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है सरकार ने एक भी सरकारी अस्पताल नहीं बनाया। प्रदेश में हर दिन हत्या, लूट, छेड़खानी की घटनाएं हो रही है। अपराधियों और दबंगों कानून का डर नहीं है। कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र, संविधान को खत्म कर रही है। घोसी उपचुनाव को लेकर कहा कि जनता समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह को ऐतिहासिक वोटों से जिता कर यह संन्देश दिया है कि भाजपा सरकार को 2024 मे इस देश से बिदाई कर देगा ।साईकिल यात्रा मे मुख्य रुप से निवर्तमान महासचिव अखण्ड प्रताप यादव हिरालाल विश्कर्मा,राजेन्द्र टाईगर,राहुल त्रिपाठी, सोचनराम विश्कर्मा,रामधारी पाल,रामयश यादव,भारत यादव,अनुपमा पटेल, आशीष, नितिन सैफई, आशोक नायक, प्रमोद यादव,सोनू यादव,संन्दीप यादव, शरद यादव,पवन यादव,महाबीर,राहुल यादव, कल्लू यादव,संघर्ष, बच्चा,अनील दूबे,कपिल यादव, निजामुद्दीन अंसारी, हेमंत,आरबी यादव आदि लोग यात्रा में सम्मिलित रहें ।

रहमानिया सीरत कमेटी के सदर का हुआ चयन

प्रखर जौनपुर। शहर के मोहल्ला दढ़ियाना टोला की सीरत कमेटी जो इस्लामिक महीने के रबीउल अव्वल की 27 व 28 तारीख को जलसा व जुलूस का प्रोग्राम मल्हनी पड़ाव स्थित मस्जिद के मैदान में आयोजित करवाती है के कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव आज चुनाव समिति के अध्यक्ष मो आसिम खान नफीस की अध्यक्षता में हुआ जिसमें समिति ने नासिर अहमद जौनपुरी को कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया, इस मौके पर नासिर जौनपुरी ने अपनी कमेटी का गठन किया, जिसमें मुख्य रूप से सेक्रेटरी मो0 रिजवान चांद,और मीडिया प्रभारी रियाजुल हक को नियुक्त किया गया, इस मौके पर मौलाना अनीबुल कादरी ने मुल्क में अमन और चैन के लिए दुआ मांगी तथा कमेटी को उसके नेक मकसद पर आगे बढ़ने के लिए दुआएं दी कार्यक्रम की निजामत साबिक सदर मरकजी सीरत कमेटी साजिद अलीम ने की, कमेटी को मार्गदर्शित इरशाद मंसूरी कन्वीनर मरकजी सीरत कमेटी ने किया, इस मौके पर मुख्य रूप से दाऊद खान गोलू, परवेज खान, सलीमुल्लाह चुना, शफीक जौनपुरी ,दानिश इकबाल, अबू हम्जा, कामरान अंसारी, जफर मसूद, शहाबुद्दीन, हाफिज एहसान, रिजवान सिद्दीकी तालिब इकबाल सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्व विधायक के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने थामा बीजेपी का दामन

प्रखर मुफ्तिगंज जौनपुर। मुफ्तिगंज के ग्रामसभा इटैली में पूर्व विधायक केराकत दिनेश चौधरी के नेतृत्व में भाजपा मछलीशहर के जिलाध्यक्ष रामविलास पाल के उपस्थिति में सपा के कई पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं ग्राम के पूर्व प्रधान सहित करीब डेढ़ सौ लोगो नें आज बीजेपी की सदस्यता ग्रहण किया। लोगों ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के पारदर्शी तरीके से संचालित तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर के आज हम लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। पूर्व विधायक दिनेश चौधरी के पास जब जब हम लोग अपने कार्य को लेकर के गए हैं वह जात-पात धर्म मजहब से ऊपर उठकर के हम लोगों का कार्य करते हैं इसलिए इनके नीतियों से भारतीय जनता पार्टी के रितियों से प्रभावित होकर आज हम लोग भाजपा परिवार में सम्मिलित हुए है। भाजपा के जिला अध्यक्ष रामविलास पाल ने कहा कि सभी लोगों का वरिष्ठ कार्यकताओं का पूर्व के जनप्रतिनिधियों का भाजपा परिवार में खुले मन से स्वागत है सदस्यता कार्यक्रम समापन होने के तुरंत बाद मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिला अध्यक्ष रामविलास पाल पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने वृक्षारोपण कर सेना में तैनात सुरक्षाकर्मी फौजियों के घर से कलस में मिट्टी इकट्ठा किया,भारत माता की जय का उद्घोष किया। सदस्यता लेने वाले में सुशील यादव,प्रवीण यादव, हरिराम यादव,मनबोध यादव,पवन यादव,रामचंद्र यादव मुन्ना यादव,विनय यादव,रमेश यादव,सुरेश यादव इत्यादि लोग है। उक्त अवसर पर भाजपा मंडल मुफ्तीगंज के अध्यक्ष रणजीत सिंह भाजपा मछली शहर के जिला उपाध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम के ब्लॉक प्रभारी श्री प्रकाश पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष सदानंद राय रामचंद्र राय,आरडी चौधरी,गोलू मिश्रा,पिंटू दादा बीना सिंह,परमहंस सिंह,शैलेंद्र सिंह जी,छोटेलाल यादव जी,रिशु राय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि से रंगदारी मांगने वाले तमंचा कारतूस संग 2 गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में नगर पंचायत जंगीपुर गाजीपुर के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि लालजी गुप्ता को 20 लाख रुपए की मोबाइल व्हाट्सप के माध्यम से रंगदारी मांगने वाले 02 नफर शातिर अपराधी तथा 01 नफर बाल अपचारी को पकडने मे सफलता प्राप्त की। ज्ञातव्य है कि दिनांक 31 अगस्त 2023 को लालजी गुप्ता उपरोक्त की सूचना पर पंजीकृत धारा 387, 504, 506 भादवि बनाम अज्ञात की विवेचना के क्रम में स्थानीय पुलिस/विवेचक तथा जनपदीय स्वाट/सर्विलांस टीम की सहयोग से घटना का सफल अनावरण करते हुए रंगदारी माँगने वाले अभियुक्तगण सुनील उर्फ सोनू यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम जमसडा थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर, गोलू यादव पुत्र दीना यादव निवासी कृष्णा नगर वार्ड नं0 08 अहिरपुरवा थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर तथा काल्पनिक नाम सोनू (नाबालिक) को आज शुक्रवार को अभियुक्त गोलू यादव के मकान से गिरफ्तार करते हुए घटना मे प्रयुक्त मोबाइल एवं अभियुक्त सुनील उर्फ सोनू यादव के पास से 01अदद देशी तमन्चा 0.315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद किया गया विवेचना तथा पूछताछ के क्रम में एक व्यक्ति जिसका नाम विवेक सिंह उर्फ करिया सिंह पुत्र अनिल सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी निवासी ग्राम सोनहरा, दुल्लहपुर, गाजीपुर का नाम प्रकाश में आया है गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी टीम का विवरण उप निरीक्षक अमित कुमार पाण्डेय थानाध्यक्ष जंगीपुर मय टीम, गाजीपुर व प्रभारी स्वाट/सर्विलांस मय टीम जनपद गाजीपुर के लोग शामिल रहे।

आपरेशन दृष्टि के तहत थाना शिवपुर परिसर में नव-निर्मित कमाण्ड सेंटर का पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ने किया उद्घाटन

प्रखर वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मुथा अशोक जैन के द्वारा 7 सितम्बर गुरुवार को थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी के परिसर में आपरेशन दृष्टि के तहत लगे कैमरों के लाइव व रिकार्डेड विडियो फुटेज प्राप्त करने हेतु बने कमाण्ड सेंटर का उद्घाटन किया गया विगत माह में थाना शिवपुर क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर आपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत सी0सी0 टी0वी0 कैमरों की स्थापना हुई है। अभियान आपरेशन दृष्टि को सफल बनाने हेतु विगत दिनों थाना स्थानीय के व्यापारियों एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों की मीटिंग बुलाई गयी थी जिसमें स्थानीय क्षेत्र के जनता को चलाये जा रहे अभियान आपरेशन दृष्टि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी थी एवं उससे होने वाले लाभ व उद्देश्य के बारे में बताया गया था जिससे प्रेरित होकर क्षेत्र में व्यक्तियो के द्वारा संवेदनशील स्थानों, महत्वपूर्ण चौराहों तिराहों व अन्य चिन्हित स्थानों पर निर्धारित मानक के अनुरूप सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराया गया था। जिससे अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन मनीष कुमार शांडिल्य, सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट अतुल अंजान त्रिपाठी, शिवपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ सिंह, उपनिरीक्षक सुनील गौड़, गिलट बाजार चौकी प्रभारी विनायक सिंह , उपनिरीक्षक एके राय एवं शिवपुर थाने की पुरी टीम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मुथा अशोक जैन के द्वारा क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों ने आपरेशन दृष्टि के तहत अपने - अपने घरों व परिसरों में कैमरे लगाये हैं, उन्हें सम्मानित कर उनके सहयोग हेतु आभार प्रकट किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सन्त अतुलानन्द स्कूल के सचिव राहुल सिंह, जय बजरंग कंस्ट्रक्शन के ओनर दीपक सिंह, माहेश्वरी प्रसाद, किसन सेठ सहित इत्यादि प्रतिष्ठित लोगो कों सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा दो दिवसीय दौरे पर गाजीपुर पहुंचे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मा मनोज सिन्हा दो दिवसीय दौरे के दौरान आज बाबतपुर हवाई अड्डे से सीधे गाजीपुर पहुंचे जहां उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कांफ्रेंस हाल मे लगभग एक घंटे तक एक एक लोगों से स्नेहिल मुलाकात कर हाल चाल पूछा। मा मनोज सिन्हा के चेहरे की चमक और हृदय अपने चीर परिचितों केको देख कर प्रफुल्लित था। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में मा उप राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और वो काफिले के साथ अपने पैतृक गांव मोहनपुरा के लिए रवाना हो गए। इससे पहले वाराणसी के बाबतपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मा मनोज सिन्हा के पहुंचने पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद से पहुंचे शुभचिंतकों की भारी भीड़ ने जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शोभनाथ यादव,महामंत्री प्रवीण सिंह, ओमप्रकाश राय, सुनील सिंह , संकठा प्रसाद मिश्र, अच्छेलाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,कार्तिक गुप्ता पप्पू चौबे, मनीष वर्मा, मन्नू राजभर आदि मौजूद रहे। मा. उप राज्यपाल मनोज सिन्हा का सिधौना मे श्यामकुवर मौर्य, अचल सिंह, सैदपुर मे अश्विनी पांडेय संतोष चौहान, पहाड़पुर में प्रवीण त्रिपाठी, नंदगंज मे विनीत शर्मा तथा महाराजगंज मे गोपाल राय के नेतृत्व में भारी स्वागत अभिनन्दन किया गया।

जिलाधिकारी ने की मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण (37 बिन्दु), मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक सी0एम डैशबोर्ड से ली गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिस-जिस विभागो की विभागीय योजनाए, आख्या, उपलब्धी सीएमडैश बोर्ड पोर्टल पर फीड नही है उसे तत्काल फीड कराने का निर्देश दिया जिससे जनपद की रैकिग खराब न हो । बैठक में उन्होने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुचाया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओ का टीकाकरण, पशुओ में होने वाले लम्पी रोग के रोकथाम हेतु कार्यवाही एंव सहभागिता योजना में पात्र लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया। आई0जी0आर0एस0 प्रकरण मे उन्होने शिकायत पत्रो का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया कहा कि किसी दशा में कोई शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जाती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराना सुनिश्चित करें। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, समेत समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समस्त उप जिलाधिकारी ने चिन्हित गावों में लगाई चौपाल, समस्याओं का किया समाधान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम मे जनपद के समस्त तहसीलो के चिन्हित ग्रामो मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया । समस्त उपजिलाधिकारी ने अपने अपने तहसील क्षेत्रो के ग्रामो मे चौपाल के माध्यम से ग्रामीणो के राजस्व एवं अन्य विभागीय समस्याओ को सुनकर उसका समाधान किया । चौपाल मे खतौनी एवं रियल टाइम खतौनी को पढ़ कर सुनाया गया इसके अतिरिक्त जिनका भी नाम खतौनी मे छूटा हुआ है उसे संबंधित अधिकारी को सही कराने हेतु निर्देश दिए गए। चौपाल में व्यक्तिगत शौचालय ,आवास, हैंड पम्प के संचालन, वृद्धापेंशन,दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, राशन वितरण, के सम्बंध में जानकारी ली एवम प्रत्येक पात्रों को योजना का लाभ दिये जाने का निर्देश दिया। विद्यालय संतृप्तिकरण में हुए कार्यो को पूछा। उन्होने बच्चों के टीकाकारण, एवम ई कवच पोर्टल पर फीडिंग एवम दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा पेंशन के छुटे हुए लाभार्थी को तत्काल लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं